सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
18.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 38

12 राष्ट्रपति ने किया विंध्यागिरी का जलावतरण

## कोल्हान प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **10,200** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री चंपाई सोरेन**
माननीय मंत्री, परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती जोबा मांझी**
माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र

**श्री विद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र

### सम्मानित अतिथि

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर (पूर्वी)

**श्री दीपक बिरुआ**
माननीय विधायक, चाईबासा

**श्री निरल पूर्ति**
माननीय विधायक, मझगाँव

**श्री दशरथ गगराई**
माननीय विधायक, खरसावाँ

**श्री सुखराम उराँव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्रीमती सबिता महतो**
माननीय विधायक, ईचागढ़

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सोनाराम सिंकू**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका

दिनांक : 18 अगस्त, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 304885 (Labour Employment and Training) 23-24

# स्पीकर ने की आश्वासन समिति की बैठक

पलास्थली अण्डाल रेलवे मार्ग को पुनः बहाल करने के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भी प्रयास की जा रही है : स्पीकर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने गुरूवार को आश्वासन समिति की बैठक की। यह बैठक स्पीकर कक्ष में की गयी थी। इस बैठक में पलास्थली से अण्डाल रेलवे मार्ग का परिचालन पुनः शुरू करने के संबंध में पूर्व में हुये बैठकों के निमित्त ली गईं कार्रवाइयों की समीक्षा की गयी। उक्त रेल मार्ग का 9 किलोमीटर भाग जिसके अंतर्गत पलास्थली एवं लक्ष्मणपुर रोड का रेलवे स्टेशन अवस्थित है, झारखंड राज्य के जामताड़ा जिला के नाला प्रखण्ड में पड़ता है। शेष रेलवे मार्ग पश्चिम बंगाल के सीमा अंतर्गत है। इस परिचालन मार्ग की कुल लंबाई 27 किलोमीटर की है। विदित हो कि वर्तमान में बंगाल क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे लाइन के कुछ भाग में मालवाहक रेलगाड़िया परिचालित होती हैं। यह मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से बजट सत्र 2021 में आया था। इस संबंध में पूर्व में भी कई बैठकें हो चुकी है और कहा गया है कि इस रेलवे लाइन को पूरी तरह बहाल किया जाये। बैठक में आसनसोल रेलवे डिवीजन के आशिष भारद्वाज एवं विनोद कुमार डिविजनल इंजीनियर ने स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो को अवगत कराया कि पलस्थली रेलवे लाइन परिचालन करने के संबंध में सर्वे के काम पूरे किये जा चुके हैं। राशि का प्राक्कलन कर संबंधित जोनल मैनेजर के माध्यम से रेलवे बोर्ड को स्वीकृति प्रदान करने के लिये भेजी जा चुकी है। स्पीकर ने बैठक में यह भी कहा कि पलास्थली अण्डाल रेलवे मार्ग को पुनः बहाल करने के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भी प्रयास की जा रही है। उन्होंने इस मामले को रेल मंत्री भारत सरकार के संज्ञान में दी है। बैठक में आश्वासन समिति के सभापति दीपक बरुवा, समिति के सदस्या अंबा प्रसाद एवं विशेष आमंत्रित सदस्या दीपिका पांडे सिंह भी मौजूद थीं।

# संसद में रांची लोकसभा क्षेत्र के कई समस्याओं को उठाया : संजय सेठ

## भाजपा सांसद ने कहा कि विपक्ष ने अपना फ्लोर टेस्ट खुद कराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र की कई समस्याओं को मॉनसून सत्र में उठाया। सेठ गुरूवार को अपने अरगोड़ा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने लोकसभा का मानसून सत्र बाधित कर जनता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण बिल विधेयक पास हो सके। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के द्वारा सदन को बाधित करने का जो कुत्सित कार्य किया गया। यह लोकतंत्र में अक्षम्य अपराध है। इस देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मणिपुर के जिस मुद्दे को लेकर विपक्षी लोग चर्चा की मांग कर रहे थे। संसद शुरू होने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर चर्चा करने की बात स्वीकार कर ली थी। और यह भी कहा था कि जितनी लंबा चाहे चर्चा कर सकते हैं। दरअसल जो अविश्वास प्रस्ताव और फ्लोर टेस्ट विपक्षी दल कर रहे थे, वह फ्लोर टेस्ट मोदी सरकार का नहीं था। वह फ्लोर टेस्ट विपक्ष का था। इससे पहले ही कागज कलम, बैट बॉल सब कुछ छोड़ कर विपक्षी मैदान से भाग गये।

उन्होंने कहा कि विपक्षियों के द्वारा तमाम प्रकार के व्यवधान उत्पन्न किये जाने के बावजूद मैंने अपने क्षेत्र की बातों को रखा। सबसे महत्वपूर्ण मैंने कैंसर से संबंधित एक मामला लोकसभा में रखा और सरकार से आग्रह किया की कैंसर को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल किया जाये। इसके अलावा चांडिल डैम जो चार दशक पहले बना है, आज भी वहां के विस्थापित न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। मैंने इस मुद्दे पर भी सरकार से मांग किया कि चांडिल डैम बनने की प्रक्रिया आरंभ होने से लेकर अभी तक की स्थिति की सीबीआई से जांच कराई जाये।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दोनों हाथ खोलकर झारखंड के विकास के लिये पैसे दे रही है। लेकिन, राज्य सरकार उस पर क्या कर रही है, यह समझ से परे है। जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार ने झारखंड को 10हजार करोड रुपए दिये। लेकिन, राज्य सरकार महज 3 हजार करोड रुपये खर्च कर पाई। विगत 2 वर्षों में झारखंड में 89 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन जन औषधि केंद्रों में 50 से 90 फीसदी सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। पीएम कुसुम योजनाएं वैसी योजना है, जो किसानों को ऊर्जा और पानी की गारंटी देता है। राज्य सरकार की लापरवाही कहें या अनदेखी कहें कि कई योजनाएं अब तक लंबित पड़ी हुई है।

# एआईसीसी की बैठक में शामिल होने के बाद दिल्ली से रांची लौटे मंत्री आलमगीर आलम, 9 सीटों पर चुनाव लड़ने को किया खारिज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली में आलाकमान के साथ एआईसीसी की बैठक में शामिल होने के बाद झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम गुरुवार को रांची लौट आए। रांची पहुंचने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के 20 जिलों से नेताओं और कार्यकर्ताओं को आलाकमान के द्वारा बुलाया जाएगा। सभी के साथ चर्चा की जाएगी और उसके बाद फिर आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इंडिया



गठबंधन के अपने सहयोगी दलों के सम्मान का भी ख्याल रखेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल आलाकमान की तरफ से दिशानिर्देश दिया गया है कि जहां पर भी कांग्रेस संगठन कमजोर है, वहां उसे पहले मजबूत करें। साथ ही प्रदेश में कार्यकताओं को राज्य के लोगों के बीच पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान के निर्देश में कहा गया है कि राज्य के 24 जिलों में पार्टी के कार्यकताओं को संदेश भेजें कि आगामी चुनाव को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच तक पहुंचना है। ताकि जब सीट शेयरिंग पर निर्णय ले लिया जाए तो अन्य सहयोगी पार्टियों के लिए भी कांग्रेस अपनी मेहनत पर सीट जीतने में मदद कर सके।

### सीट शेयरिंग को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं

मंत्री आलमगीर आलम ने 9 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात को खारिज करते हुए कहा कि अभी इसे लेकर किसी भी तरह की चर्चा आलाकमान के नेताओं से नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि 2019 में हुए लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस ने 7 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि 9 सीटों पर सहमति बनी थी। इसलिए पार्टी के कार्यकताओं की तरफ से यह कहा जा रहा है कि इस वर्ष कांग्रेस को 9 सीटें मिलनी चाहिए। लेकिन अभी सीट शेयरिंग को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। क्योंकि इंडिया गठबंधन के तहत कई नई पार्टियों का भी समावेश हुआ है। इसलिए सभी पार्टियों से विचार करने के बाद ही सीट शेयरिंग पर निर्णय लिया जाएगा।

### मंत्री लगागेंगे जन अदालत

आलमगीर आलम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता के बीच पहुंचने के लिए आलाकमान की तरफ से जन अदालत लगाने की बात कही गई है। हर मंत्री को छह-छह जिले की जिम्मेदारी दी गई है। इसलिए अब हर मंत्री राज्य के हेड क्वार्टर में बैठकर जिले से आई समस्याओं के समाधान को लेकर जन अदालत लगाकर लोगों की मदद करेंगे।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की डीजीपी से मुलाकात, कहा

# अपराधी हो गये हैं बेलगाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लचर विधि व्यवस्था को लेकर भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। पुलिस मुख्यालय में डीजीपी से मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में लगातार खराब होते कानून व्यवस्था को लेकर एक ज्ञापन भी दिया। प्रदेश भाजपा का आरोप है कि झारखंड में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। संगठित अपराधियों में पुलिस का भय खत्म हो चुका है। इसकी वजह से लोगों का विश्वास पुलिस पर से उठता जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि रांची, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग जैसे जिलों में दिनदहाड़े हत्या, लूट, दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। हाल में ही लातेहार में भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या कर दी गई। इससे पहले रांची में जूस की दुकान चलाने वाले सिमरिया के दो भाइयों की हत्या कर दी गई। उनके मुताबिक डीजीपी ने बताया



है कि लातेहार के बालूमाथ में हुई राजेंद्र साहू की हत्या मामले में कार्रवाई हुई है। शूटर को भी चिन्हित कर लिया गया है। जूस दुकानदार मुकेश और उनके भाई की हत्या मामले में अपराधी चिन्हित कर लिए गये हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पुलिस उनकी मांगों को गंभीरता से लेगी और आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठायेगी। प्रतिनिधिमंडल में विधायक नवीन जयसवाल, समरी लाल, प्रतुल नाथ शाहदेव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर समेत कई नेता मौजूद थे।

### बोरियो की संकल्प सभा में बाबूलाल मरांडी ने कहा

# भाजपानीत एनडीए सरकार ने आदिवासी समाज का बढ़ाया सम्मान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ बोरियो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा की दूसरी सभा बोरियो में संपन्न हुई। इसमे हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुये। सभा के पहले पंचकथिया में श्री मरांडी ने सिदो-कान्हो की स्मृति स्थल को नमन किया। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासी समाज को सम्मान दिया। जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी साथी दलों ने आदिवासी समाज को केवल लूटा है। उन्होंने कहा कि भाजपानीत एनडीए सरकार ने अलग राज्य का सपना साकार किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में अटल सरकार ने शामिल कराया। आज नरेंद्र मोदी सरकार में पहली बार जनजाति समाज के आठ मंत्री शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश में संथाल समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों के सम्मान में चार चांद लगाये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास केलिए समर्पित है जबकि झामुमो की सरकार भ्रष्टाचार को समर्पित है। उन्होंने कहा कि साहेबगंज में बन रहा गंगा पुल मोदी सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के खान खनिज पत्थर बालू को लुटा एवं लुटवाया है। सोरेन परिवार ने जमीन लूटने केलिये सारी हदों को पार कर दिया। नाम बदल बदल कर जमीनों को लुटा है । परिवार के नाम पर सैकड़ों अवैध संपत्ति अर्जित की है। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। बेटी बहन की इज्जत असुरक्षित है। राज्य की पुलिस जनता की सुरक्षा में नही वसूली में लगी है। राज्य सरकार के खिलाफ बोलने वालों को जेल भेजा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वे संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता को राज्य सरकार के खिलाफ जगाने आये हैं। निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने केलिये संकल्प दिलाने आये हैं।

# भ्रष्टाचारी सरकार को हटाने का संकल्प लेना जरूरी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य का मुखिया ही अगर फ्रॉड है तो कैसे होगा राज्य का भला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/साहिबगंज।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ संकल्प लेना जरूरी हो गया है। मरांडी गुरूवार को बरहेट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, बंगालादेशी घुसपैठियों, संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी, खनिज संसाधनों, गरीबों के अनाज की लूट को उजागर किया। उन्होंने सोरेन परिवार द्वारा गरीब आदिवासियों की जमीन लूट पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री ही फ्रॉड हो, उससे राज्य के भलाई, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी के नाम पर सोरेन परिवार ने नाम बदल बदल कर आदिवासियों की जमीन लूटी है। उन्होंने कहा कि यह राज्य अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद के लोगों ने झारखंड आंदोलन को बेचा और खरीदा है।

उन्होंने कहा कि आज खान खनिज की लीज संथाल परगना और झारखंड के लोगों को नही बल्कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, उनके विधायक प्रतिनिधि और प्रेस सलाहकार के नाम आवंटित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनेगी तो यहां के खान खनिज की लीज झारखंड वासियों के नाम पर होगा। कोई मुंबई दिल्ली लीजधारक नही होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों का अनाज भी लूट रही है। केंद्र सरकार द्वारा भेजे जा रहे प्रति व्यक्ति 5किलो चावल गरीबों के घर तक नहीं पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को लूटने में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा संथाल परगना बांग्लादेशी घुसपैठियों से भरा पड़ा है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का परिणाम है कि संथाल परगना के विभिन्न जिलों में घुसपैठियों को सुनियोजित तरीके से बसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। आदिवासी समाज के होनहार युवक युवतियों की हत्या हो रही है परंतु मुख्यमंत्री चैन से सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य को भ्रष्टाचार,तुष्टिकरण, खान खनिज की लूट और परिवारवाद से बचाने के संकल्प की यात्रा है। उन्होंने बदलाव की शुरूवात बरहेट से करने का फैसला लिया।

बरहेट की संकल्प यात्रा में विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, सांसद सुनील सोरेन, अभयकांत प्रसाद, राम दरस यादव, लुइस मरांडी, सिमोन मालतो, गमलिया हेंब्रम, सत्येंद्र सिंह, कमल भगत, ललिता पासवान,बरन वास टुडू, खगेंद्र साहा, रेणुका मुर्मू, कुसुमाकर तिवारी,मनीष भारती, नवीन गुप्ता, ज्योतिष हेंब्रम, मोहित रक्षित, विनोद चौधरी, मारेंग मरांडी आदि उपस्थित थें।

# पंकज मिश्रा से जुड़े मनी लाउड्रिंग के मामले में दर्ज हुई गवाही

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में ईडी की ओर से गुरुवार को गवाही दर्ज कराई गई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में साहिबगंज के अंचलाधिकारी अब्दुस समद की गवाही दर्ज की गई। साहिबगंज में अवैध खनन मामले की जांच को लेकर गठित टीम में वह सहयोगी के रूप में शामिल थे। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने गवाही दर्ज कराई। गवाह ने अवैध खनन की जांच में मिले सबूत को अदालत में रखा। अभियोजन गवाही पूरी होने के बाद अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का जिरह किया जाएगा। इसके लिए अदालत ने 29 अगसत की तारीख निर्धारित की है। साथ ही, मामले में ट्रायल फेस कर रहा पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, बच्चू यादव, पशुपति यादव व कृष्णा साहा की वीसी से पेशी की गई। तीनों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। अगली पेशी की तारीख 29 अगस्त निर्धारित की गई है। मामले में पंकज मिश्रा व बच्चू यादव पर 27 जनवरी को एवं प्रेम प्रकाश पर तीन मार्च को आरोप तय किया गया था। पंकज मिश्रा बीते 19 जुलाई 2022 से जेल में है।

# झारखंड सचिवालय सेवा के 11 अधिकारी बने उप सचिव, मिली पोस्टिंग

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के 11 अवर सचिव को प्रोन्नति प्रदान करते हुए उन्हें उपसचिव के पद पर सचिवालय के विभिन्न विभागों में पदस्थापित किया गया है। सभी अधिकारियों को उपसचिव कोटी पीबी-3 पे बैंड 15600 से 39100 के वेतनमान ग्रेड पे 7600 पुनरीक्षित वेतनमान मेट्रिक लेवल 12 में प्रोन्नति प्रदान की गई है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

**इन्हें मिला प्रमोशन, यहां हुई पोस्टिंग**

राजकुमार को नगर विकास विभाग में उप सचिव के रिक्त पद पर पदस्थापित किया गया है। अमर कुमार सिंह वन एवं पर्यावरण विभाग , मनोज कुमार पाठक वित्त विभाग, ब्रज माधव कार्मिक विभाग, अनूप कुमार स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, राजेश रंजन उपसचिव जल संसाधन विभाग, अजय कुमार सिंह उप सचिव आपदा प्रबंधन विभाग, विकास कुमार उप सचिव महिला बाल विकास विभाग, विनोद कुमार बांके अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, फिलिप लकड़ा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और ढेना किस्कू को भवन निर्माण विभाग में पदस्थापित किया गया है।

# सीसीएल की कोयला खदानों में विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डीजीएमएस, साउथ ईस्टर्न जोन, रांची के तत्वावधान में गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय में निदेशक (तक./संचा.) राम बाबू प्रसाद की अध्यक्षता में सीसीएल की कोयला खदानों में विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) विकास गोविंदराव मेशराम, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) महेश्वरा रेड्डी, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) विनीत चौरसिया, महाप्रबंधक (वि. एवं यां.), महाप्रबंधक (उत्ख.), सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, परियोजना अधिकारी, एसओ (वि. एवं यां.), एसओ (उत्ख.) एवं सभी क्षेत्र के अधिकारी उपस्थित थे।

इस इंटरैक्टिव सत्र में खदान की विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में विशेषकर कंपनी में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) राम बाबू प्रसाद ने इस सत्र के दौरान आए सभी सकारात्मक सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा उन सुझावों पर अमल किया जायेगा और जो भी कमियां होंगी उनका निराकरण तयबद्ध तरीके से किया जायेगा।

विषय पर चर्चा करते हुए श्री प्रसाद ने आगे कहा कि खान सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्य स्थल को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कंपनी द्वारा नयी-नयी तकनीकों को अपनाया जा रहा है ताकि 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। इलेक्ट्रीकल सेफ्टी के प्रति एक बेहतर वातावरण के निर्माण के लिए कंपनी प्रयासरत है । उन्होंने आगे कहा कि सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान का अच्छी तरह से पालन करने पर हम जोर दे रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सुरक्षा) एस के सिंह एवं उनकी टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# शराब दुकान के सफल संचालन के लिए 8 जिलों में वरीय प्रभारी नियुक्त




**रांची।** शराब दुकान के सफल संचालन के लिए रांची समेत आठ जिलों में वरीय प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के द्वारा इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सहायक आयुक्त उत्पाद (मुख्यालय) रांची अखौरी धनंजय कुमार सिन्हा को गुमला, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह जिला का वरीय प्रभारी नामित किया जाता है। समय-समय पर इनके अपेक्षित सहयोग के लिए अवर सचिव शिव पूजन प्रसाद को नामित किया जाता है।

# सरयू राय ने दायर किया विशेषाधिकार हनन का मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने स्पीकर के पास वन एवं पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला दायर किया है। उन्होंने विभाग, पर्षद के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारियों पर विधानसभा की अवमानना करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा में विभाग और पर्षद ने उनके सवाल का गलत और भ्रामक जवाब देकर सदन को गुमराह किया है। इसलिए अवमानना का मामला चलाया जाये। श्री राय ने कहा कि विधानसभा के मॉनसून सत्र में उन्होंने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग को लेकर एक अल्पसूचित प्रश्न पूछा था। उसपर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने जो जवाब दिया है वह पर्षद के 2011 और 2013 में जारी निर्देशों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि उनके सवाल में वन एवं पर्यावरण विभाग ने भी सदन को गुमराह किया है और कहा है कि कोयला का भंडारण पर्षद से सीटीओ प्राप्त क्षेत्र पर ही किया जाता है। उन्होंने इस संबंध में रामगढ़ और सरायकेला-खरसांवा जिला के उपायुक्त एवं जिला खनन पदाधिकारी से भी एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग की है।

# डाकखाने के तत्कालीन बड़ा बाबू को डेढ़ वर्ष कैद की सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने 13 साल पुराने रिश्वत मामले के आरोपी राष्ट्रीय बचत कार्यालय के तत्कालीन बड़ा बाबू सुरेंद्र प्रसाद को दोषी पाकर डेढ़ साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अभियुक्त कचहरी चौक स्थित राष्ट्रीय बचत कार्यालय में फरवरी 2010 में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत थे। एसीबी की टीम ने 25 फरवरी 2010 को सुरेंद्र प्रसाद को दो हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उस पर पुरूषोत्तम सिंह से पोस्ट ऑफिस से निर्गत होनेवाले एनएसी, केवीपी व आरडी का लाइसेंस जारी करने के एवज में रिश्वत ले रहा था। मामले में सुनवाई के दौरा एसीबी के विशेष लोक अभियोजक एके गुप्ता ने अदालत के समक्ष 10 गवाहों को प्रस्तुत किया था। सभी गवाहों ने घटना का समर्थन किया था।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
18.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12 + 8

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 38

12 राष्ट्रपति ने किया विंध्यागिरी का जलावतरण

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### कचहरी स्थित सर्किट हाउस में लगी आग

**रांची।** राजधानी रांची के कचहरी चौक स्थित सर्किट हाउस में लगी आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सर्किट हाउस में आग लगने से वहां पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि सभी लोग अपनी जान बचाकर बाहर निकलने में कामयाब रहे। सर्किट हाउस में आग कैसे लगी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम सर्किट हाउस पहुंचकर आग बुझाने में जुट गयी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### छवि रंजन ने हाइकोर्ट से याचिका ली वापस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली जमीन समेत रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की क्वैशिंग याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने अदालत की अनुमित से अपनी याचिका वापस ले ली।

### बाबा बागेश्वर नवंबर में आयेंगे रांची

**रांची।** पर्ची निकालकर लोगों की समस्या सुलझाने और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की पैरवी करने वाले बाबा बागेश्वर के रूप में मशहूर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री रांची आ रहे हैं। नवंबर के पहले सप्ताह में उनके रांची आने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि वह नवंबर के पहले सप्ताह में ही रांची आयेंगे। उनका तीन दिवसीय प्रवास होगा। इस दौरान वह हनुमान कथा सुनायेंगे। पूरा कार्यक्रम धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में होगा।

### जीवित वृद्धा को मृत बता कर पेंशन रोका

**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड के झालबरदा पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव ने पेंशन योजना का भौतिक सत्यापन करते हुए यहां की एक जीवित वृद्ध विधवा प्रमिला देवी को मृतक घोषित कर दिया है। इसके चलते वह पेंशन योजना के लाभ से वंचित हो गयी। पीड़ित पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय तक पेंशन योजना का लाभ के लिए भटक रही है। महिला ने चंदनकियारी प्रखंड कार्यालय आकर प्रखंड प्रमुख निवारण सिंह चौधरी से गुहार लगायी। प्रमुख के समक्ष ऑपरेटर ने बताया कि मुखिया और पंचायत सचिव ने भौतिक सत्यापन में महिला को मृत घोषित कर दिया था।


### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

# चंद्रमा के बेहद करीब पहुंचा चंद्रयान, अब 23 का इंतजार

## प्रॉप्लशन मॉड्यूल से अलग हुआ विक्रम लैंडर

एजेंसी



**चेन्नई।** चंद्रमा को फतह करने निकले चंद्रयान-3 ने गुरुवार को अपने मिशन का एक और बेहद अहम पड़ाव पार कर लिया। विक्रम लैंडर मॉड्यूल, प्रॉपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर आगे की यात्रा पर रवाना हो गया है। अब लैंडर मॉड्यूल शुक्रवार को चंद्रमा के आसपास की थोड़ी निचली कक्षा में उतरेगा। इसरो के अनुसार अब लैंडर रोवर को लेकर आगे की यात्रा अकेले तय करेगा। इसके 23 अगस्त शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने का कार्यक्रम है। इसरो के अनुसार इस चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का मतलब है कि चंद्रयान 3 की सभी प्रणालियां सही तरीके से काम कर रही हैं। चंद्रयान 3 का प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया था। लैंडिंग का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा लैंडर के वेग को 30 किलोमीटर की ऊंचाई से अंतिम लैंडिंग तक लाने की प्रक्रिया है।

**धन्यवाद दोस्त : इसरो** -लैंडर मॉड्यूल में लैंडर और रोवर होते हैं। इसरो ने ट्विटर पर लिखा, "लैंडर मॉड्यूल ने कहा, यात्रा के लिए धन्यवाद, दोस्त। अलग होने के बाद, लैंडर को डीबूस्ट (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजरने की उम्मीद है ताकि इसे एक ऐसी कक्षा में स्थापित किया जा सके जहां पेरिल्यून (चंद्रमा से निकटतम बिंदु) 30 किलोमीटर और अपोल्यून (चंद्रमा से सबसे दूर का बिंदु) 100 किलोमीटर है।

**रूस का लूना-25 चांद के ऑर्बिट में पहुंचा :** मास्को। रूस का लूना-25 मून मिशन चांद की ऑर्बिट में पहुंच गया है। रूसी स्पेस एजेंसी ने कहा कि देश की महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशन में यह बड़ी उपलब्धि है। अब अगले पांच दिनों तक लूना-25 चांद के चारों तरफ चक्कर लगायेगा। इसके बाद 21 अगस्त को दक्षिणी ध्रुव के पास लैंड करेगा। रूस करीब 47 साल बाद चांद पर अपना कोई लैंडर उतार रहा है। रूस ने अपना मून मिशन 11 अगस्त को लॉन्च किया था, लेकिन यह चंद्रयान से पहले चांद की सतह पर लैंड करेगा।

### अब साफ्ट लैंडिंग की बारी

इसरो ने कहा कि यहीं से 23 अगस्त को यान की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जायेगा। लैंडिंग प्रक्रिया की शुरुआत में वेग लगभग 1.68 किलोमीटर प्रति सेकंड है, लेकिन यह गति चंद्रमा की सतह के क्षैतिज है। यहां चंद्रयान-3 लगभग 90 डिग्री झुका हुआ है, इसे लंबवत करना होगा। क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में बदलने की यह पूरी प्रक्रिया गणितीय रूप से एक बहुत ही दिलचस्प गणना है। हमने कई बार इस प्रक्रिया को दोहराया है। यहीं पर हमें पिछली बार (चंद्रयान-2) समस्या हुई थी। चंद्रयान-3 मिशन के अब तक की प्रक्रिया से सफलतापूर्वक गुजरने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसरो के पूर्व अध्यक्ष के सिवन ने कहा कि 23 अगस्त को लैंडर का चंद्रमा की सतह को छूना एक बड़ा क्षण होगा जिसका हम इंतजार कर रहे हैं। चंद्रमा की सहत पर उतरने के बाद लैंडर से रोवर बाहर निकलेगा और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करेगा। इस मिशन के सफल होने के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जायेगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही यह उपलब्धि हासिल की है।

## रांची आये रजनीकांत राज्यपाल से मिले



**रांची।** अपनी नवीनतम सुपर हिट फिल्म जेलर से एक बार फिर से पूरी दुनिया में धूम मचाने वाले सुपरस्टार रजनीकांत बेहद गोपनीय तरीके से रांची दौरे पर आये। उनके रांची में होने की जानकारी लोगों को तब हुई जब राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इस संबंध में ट्वीट कर जानकारी और तस्वीरें साझा की है। रजनीकांत अपने आध्यात्मिक गुरु परमहंस योगानंद की धरती को नमन करने रांची पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेता ने झारखंड के राज्यपाल और अपने प्रिय मित्र सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। फोटो शेयर कर राज्यपाल ने लिखा कि रांची आगमन पर अपने प्रिय मित्र, भारत के महानतम अभिनेताओं में से एक और महान व्यक्ति और सुपरस्टार रजनीकांत से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं झारखंड की महान धरती पर उनका हृदय से स्वागत करता हूं।

### छिन्नमस्तिका मंदिर में टेका माथा

**योगदा आश्रम में आते रहे हैं** रजनीकांत का रांची से पुराना रिश्ता रहा है। वे अपने आध्यात्मिक गुरु परमहंस योगानंद के योगदा सत्संग आश्रम में आध्यात्मिक साधना और प्रार्थना के लिए अक्सर गुप्त तरीके से आते रहते हैं।

सीएम ने की नि:शुल्क आवासीय कोचिंग योजना की शुरुआत

# अब आदिवासी के बच्चे भी बनेंगे अफसर: हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि अब आदिवासी के बच्चे अफसर बनेंगे। गुरुवार को उन्होंने निशुल्क आवासीय कोचिंग योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत अति संवेदनशील जनजातीय समुदाय (पीवीटीजी) के युवक-युवतियों को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। मोराबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान में आयोजित समारोह में सीएम ने उक्त बातें कही। इस योजना के तहत पहले चरण में 156 छात्रों को जेएसएससी और दूसरी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करायी जायेगी। दसवीं से लेकर स्नातक तक के छात्रों को इसमें शामिल किया जायेगा, जिनकी आयु 21 से 40 साल तक हो।



सीएम ने कहा कि हम जो कम कर रहे हैं, उसको लेकर कुछ लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि आखिर यह सरकार कर क्या रही है। लोग यह सोच रहे हैं कि जो काम किया जा रहा है इसके मायने मतलब क्या है। लोगों को देख कर अजीब लगता है कि कैसे आदिवासी समाज के बच्चे विदेश में पढ़ने जा रहे हैं। राज्य में कैसे स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू हो गयी है। हड़िया दारु बेचने वाली महिलाएं विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहीं हैं। राज्य में कुल 32 आदिवासी समूह पाये जाते हैं, जिनमें से 8 अति कमजोर समूह हैं। उनके लिए आज इस योजना की शुरुआत की जा रही है।

**बढ़ानी होगीआदिवासी समाज को गति :** मुख्यमंत्री ने कहा का आदिवासी समाज को अपनी गति बढ़ानी होगी। (शेष पेज 11 पर)

### कमजोर को मुख्य धारा में लाना है

सीएम ने कहा कि पूरे देश के आदिवासी समाज खत्म होने के मुहाने पर खड़ा है। पूरे देश में लगभग 750 आदिवासी समूह हैं। जिसमें से 32 समूह झारखंड में पाये जाते हैं और उसमें से आठ समूह अति कमजोर समूह हैं। उन्होंने कहा कि राज्य से परिवारों को जो राशन मिल रहा है उसे आप कोई विकास नहीं कर सकते हैं। उससे आप ना पढ़ाई कर सकते हैं, ना व्यवसाय कर सकते हैं, ना आगे जा सकते हैं। राशन सिर्फ आप को जिंदा रखने का साधन है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम सिर्फ राशन दे कर अपने जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेना नहीं है। सरकार का काम लोगों को आगे बढ़ाना है। जहां पर लोग कमजोर हैं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएम की जीरो टालरेंस नीति

# अवैध संपत्ति मामले में मुखिया पर पीइ की अनुमति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टालरेंस नीति के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पाकुड़ की इलामी पंचायत की आरोपित मुखिया मिसफिका हसन के खिलाफ पीइ दर्ज कर जांच करने की अनुमति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मिसफिका हसन भाजपा से जुड़ी हैं। जमशेदपुर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, (आइआर संख्या-28/18) में मुखिया मिसफिका हसन के विरूद्ध अवैध संपत्ति अर्जन का मामला है। आरोपी मुखिया के विरुद्ध परिवादी के परिवाद पत्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार सत्यापित है। परिवादी से शपथ पत्र प्राप्त है तथा ब्यूरो सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी के नाम से वर्ष 2016 से मई 2018 के मध्य कुल 08 केवाला, रजिस्टर्ड डीड है तथा अन्य संपति भी है। जिसे खुले जांच से प्राप्त किया जा सकता है। परिवाद पत्र में लगाये गये आरोपों के सत्यापन के बाद तत्कालीन पुलिस निरीक्षक-सह-सत्यापनकर्ता (दुमका) ने समर्पित सत्यापन प्रतिवेदन में परिवादी के आरोपों की पुष्टि होने तथा पूरे मामले की खुली जांच के लिए अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीएइ दर्ज करने की अनुशंसा की गयी थी।

सिल्ली में कुएं से बैल निकालने के दौरान हादसा

# मिट्टी धंसने से सात दबे, पांच की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी से करीब 70 किलोमीटर दूर सिल्ली के मुरी ओपी क्षेत्र में पिस्का गांव में कुआं धंसने से सात लोगों के दब गये। इनमें से पांच लोगों के मरने की खबर है। जानकारी के अनुसार ये लोग कुएं में गिरे एक बैल को बचाने की कोशिश कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, कुएं में गिरे जानवर को निकालने के लिए चार लोग कुआं में उतरे थे। अन्य चार लोग कुछ जुगाड़ लगा कर कुआं के ऊपर से जानवर को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान आसपास की मिट्टी अचानक धंस गयी। सात लोग मिट्टी में दब गये। दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि पांच लोगों को बचाया नहीं जा सका। मौके पर पुलिस अधिकारी के साथ स्थानीय विधायक और आजसू प्रमुख सुदेश महतो भी पहुंचे। सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप ने कहा कि सात लोग मिट्टी में दब गये थे। (शेष पेज 11 पर)

डुमरी से इंडिया की बेबी देवी और एनडीए की यशोदा देवी ने भरा पर्चा

# देश को भूखा-नंगा करने पर तुला है एनडीए : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची, गिरिडीह।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को झारखंड की मंत्री बेबी देवी ने झामुमो के टिकट पर पर्चा दाखिल किया। वहीं आजसू की तरफ से यशोदा देवी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर दोनों दलों की ओर से कई बड़े नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आजसू की ओर पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने खुद कमान संभाल रखी है। बेबी देवी के नामांकन के बाद आयोजित एक सभा को सीएम समेत कई मंत्री और विधायकों ने संबोधित किया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश को भूखा-नंगा करने पर तुली है। उन्होंने कहा, उन्होंने कहा, इडी से गैर भाजपा डराया जा रहा है। हम जेल जाने को तैयार हैं, पर झारखंडी किसी से डरता नहीं।

**एनडीए पर बरसे हेमंत :** नामांकन के बाद डुमरी स्थित केबी हाई स्कूल के मैदान में मुख्यमंत्री ने बेबी देवी के समर्थन में सभा की। उन्होंने एनडीए पर खूब हमला बोला। सीएम ने कहा कि दिवंगत विधायक जगरनाथ महतो ने जनता की सेवा की, अब उनके निधन के बाद बेबी देवी यहां से चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव में बेबी देवी को सभी का समर्थन चाहिए। सीएम ने कहा कि अभी डुमरी उपचुनाव में जो खिलाफ में खड़े हैं ये वे लोग हैं जो देश को भूखा नंगा करने पर तुले हैं।

(शेष पेज 11 पर)




# स्पीड न्यूज

## मंगला हाट दुकानदार संघ ने किया झंडारोहण



**जमशेदपुर।** साकची बाटा चौक के प्रांगण में शिक्षित बेरोजगार मंगलाहाट दुकानदार संघ के तत्वावधान में देश के 77वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर साकची थाना के अफसर कामता प्रसाद, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार, दिलबहार सिंह ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन किया। इस अवसर पर मंगलाहाट के अध्यक्ष शाही आदिल, महामंत्र विनोद कुमार, कन्हाई पुष्टि, शेख अख्तर, लाडला, परवेज, रफी आलम, पप्पू, नन्दन के अलावा काभी संख्या में अन्य दुकानदार मौजूद थे।

## बचपन प्ले स्कूल कपाली में हुआ ध्वजारोहण



**जमशेदपुर।** बचपन प्ले स्कूल कपाली, स्वतंत्र दिवस बड़े उत्साह और देशभक्तिपूर्ण के साथ मनाया गया। इस दिन को मनाने के लिए स्कूल परिसर को झंडो से सजाया गया। सुबह 9 बजे सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए। उल्लासपूर्ण जनसमुह की उपस्तिथि में विद्यालय के निर्देशांक मतीनुल हक अंसारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्रधानाध्यापिका फरहा नाज द्वारा देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और अपने भाषण में उन्की वीरता का वर्णन भी किया। विद्यार्थीयो द्वारा देशभक्ति गीत गाये गये। फिर हमारे स्वतंत्र संग्राम और स्वतंत्र सेनानी की झांकी की प्रस्तुति हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अफशां इमरान, सना तबससुम, तानिया शौमैला, फलक, शाहीना अख्तर, साफिया, नगमा प्रवीन, एजाजुल हक, एकरामुल हक, शायेरा बीबी, सोनी प्रवीन का योगदान रहा।

## गणिनाथ सेवा संस्थान में हुआ झंडारोहण



**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गणिनाथ सेवा संस्थान के द्वारा 15 अगस्त को सुबह 9 बजे गणिनाथ भवन से शहीद स्मारक तक तिरंगा यात्रा निकाला गया। गणिनाथ भवन के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष सुंदर गुप्ता के द्वारा हमारे देश की आन-बान और शान तिरंगा झंडा फहराया गया। इस शुभ अवसर पर संस्थान के कई सम्माननीय संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य, महिला शक्ति, बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## पटेल स्मारक स्थल पर सांसद ने किया झंडारोहण



**जमशेदपुर।** 77वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव पटेल स्मारक स्थल पर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जमशेदपुर के लोकप्रिय माननीय संसद रत्न बिद्युत वरण महतो के द्वारा राष्ट्रीय झंडारोहण किया गया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उन सभी को नमन किया। विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किए जा रहे उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को संचालित किया। समारोह में चंद्र मोहन चौधरी, जितेंद्र कुमार सिंह, अशोक मंडल, धमेंद्र प्रसाद, संजीव कुमार,सत्य प्रकाश,पवन कुमार चौधरी, श्रवण कुमार मंडल, राजकुमार विजय सिंह, रामाशीष सिंह, मानिक प्रसाद सिंह, न्युटन, धिरेन्द कुमार, राकेश कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, जवाहर लाल,भूपाल कुमार, विनायक कुमार, अरुण प्रसाद बर्मन, रमेश चंद्र ओझा, संजीव शर्मा, धनंजय चौधरी,तड़ित महतो, अजय कुमार,शैलेश कुमार सिंह,राम प्रवेश, प्रवीण कुमार,राज कुमार मुकेश कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## घाघीडीह जलापूर्ति योजना और केबुल टाउन की बिजली समस्या का समाधान जरूरी : कुणाल षाड़ंगी

# घाघीडीह जलापूर्ति योजना, बहरागोड़ा की सड़क समस्याओं पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से की मुलाकात

कुणाल षाड़ंगी ने जिले के सात ज्वलंत व लंबित समस्याओं पर मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके निवारण की मांग की

सीएस ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया भरोसा



मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से उनके कार्यालय में बात करते भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने पुर्वी सिंहभूम जिले के कई ज्वलंत व लंबित समस्याओं को लेकर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात की। गुरुवार को रांची में हुए मुलाकात में कुणाल षाड़ंगी ने जिले के सात ज्वलंत व लंबित समस्याओं पर मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके निवारण की मांग की। उन्होंने जनहित से जुड़े कई लंबित समस्याओं को बिंदुवार दर्शार्ते हुए आग्रह किया की इन समस्याओं के निदान हेतु विभागीय कार्रवाई की जाए।

कुणाल षाड़ंगी ने निम्न समस्याओं को बिंदुवार दर्शाते हुए मांगपत्र सौंपा। जिनमें-चाकुलिया प्रखंड के बिहारीपुर से बराघाट तक की सडक, व बहरागोडा प्रखंड के जयपुरा से फुलसंदरी बडतल तक सडक निर्माण कार्य, रघुनाथपुर से जामशोला तक की सडक की मरम्मत के काम का टेंडर प्रक्रिया पूरी करने मे विभाग द्वारा बेवजह देरी की जा रही है। ये काम अति आवश्यक हैं। संवेदको द्वारा टेंडर डाले हुए दो हफ्ते से ज्यादा हो चुका है। जिसमें कमिशनखोरी की खबरे आ रही है।

इसकी जांच की मांग की। इसके साथ ही, बुड़ामारा चाकुलिया रेलवे लाईन के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार जल्द ही लैंड व फॉरेस्ट का क्लीयरेंस रेलवे को सौंपे। उड़ीसा सरकार पहले ही दे चुकी है। बहरागोड़ा के केवला से कैमी तक की जर्जर सडक को दुरूस्त करना तथा पथ निर्माण विभाग के माध्यम से मोटेल चौक से पाथरा तक की सड़क की मरम्मती की टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करवाने की मांग की। बहरागोड़ा में एनएच-6 के किनारे अवस्थित कृषि विभाग की 25 एकड जमीन पर कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना करने की मांग की।

बताया कि वहां अवैध कब्जा हो रहा है। जमशेदपुर के गोलमुरी क्षेत्र अंतर्गत केबल टाउन में घरेलू उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत कमर्सियल कनेक्शन देने और सभी लोगों का सामूहिक बिलिंग होने की समस्या के निदान हेतु जुस्को प्रबंधन को आदेश निर्गत करने की मांग की। कुणाल ने बताया कि जमशेदपुर के बागबेड़ा घाघीडीह जलापूर्ति का काम ठप पडा हुआ है। प्रति वर्ष एक बहुत बड़ी आबादी को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है।

इसके साथ ही, 108 ऐंबुलेंस सेवा के कर्मियों से नई कंपनी जीवीका द्वारा पंजीकरण के लिए ड्राईवर से 15,000/- और इमरजेंसी मेडिकल टेकनीशियन से 10,000/- रुपये लिया जा रहा है। पहले से काम कर रहे कर्मियों को इस रकम पर रियायत मिलने की मांग की है। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने इन सभी समस्याओं पर संबंधित विभागीय सचिवों से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## आउटलुक आई केयर टॉप यूनिवर्सिटीज नेशनल रैंकिंग सर्वे 2023

# अरका जैन यूनिवर्सिटी को उभरते हुए यूनिवर्सिटीज में तीसरा स्थान






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आउटलुक-आईकेयर द्वारा हर वर्ष किए जाने वाले बहुचर्चित एवं प्रतिष्ठित टॉप यूनिवर्सिटीज रैंकिंग सर्वे 2023 में अरका जैन यूनिवर्सिटी को देश के टॉप 15 उभरते हुए यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान मिला है। यह रैंकिंग यूनिवर्सिटी की शिक्षण प्रणाली, इंफ्रास्ट्रक्चर, प्लेसमेंट, रिसर्च, स्टूडेंट टीचर अनुपात एवं अन्य कई तरह के मापदंडों के तहत किया जाता है। अरका जैन यूनिवर्सिटी के डॉ एस एस रजि के अनुसार यह यूनिवर्सिटी एवं पूरे झारखंड के लिए बहुत ही गर्व की बात है और संभवतः यह पिछले कई सालों में पहली बार झारखंड से किसी यूनिवर्सिटी ने ऐसे प्रतिष्ठित रैंकिंग में गौरवपूर्ण स्थान हासिल किया है। इसके लिए उन्होंने यूनिवर्सिटी के हर सदस्य एवं गवर्नमेंट ऑफ झारखंड से मिलने वाले लगातार सहयोग एवं उत्साह वर्धन के लिए धन्यवाद दिया है। ज्ञात हो 2022 आउटलुक रैंकिंग में अर्का जैन को पांचवा स्थान हासिल हुआ था, इस साल दो पायदान ऊपर आकर झारखण्ड की एकमात्र यूनिवर्सिटी ने अपना नाम देशभर की टॉप यूनिवर्सिटीज में तीसरा स्थान हासिल किया।

डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव ने इसे सबके लिए गर्व का क्षण बताया और अपार हर्ष प्रकट करते हुए बताया कि टॉप यूनिवर्सिटी लाइक वि.आई.टी अमरावती एंड आरवी यूनिवर्सिटी के साथ टॉप थ्री पोजिशन साझा करना हम सब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसका सारा श्रेय शिक्षक एवं शिक्षितकर कर्मचारियों को दिया है और कहा कि यह उनके अथक प्रयास का परिणाम है।

**टॉप फाइव उभरते हुए स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटी में जगह पाने वाले यूनिवर्सिटी इस प्रकार हैं :**

1. वीआइटी, अमरावती।
2. आरवी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु।
3. अरका जैन यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर।
4. स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी, बैरकपुर
5. डीवाई पाटिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे।

## सुषमा सिंह बनीं कोल्हान वीरांगना की अध्यक्ष




जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन, झारखंड प्रदेश के अंतर्गत बिष्टुपुर में वीरांगना की कोल्हान जोन ईकाई और बिष्टुपुर मंडल ईकाई का गठन किया गया। मौके पर वीरांगना प्रभा सिंह, सरोज सिंह, कमलेश सिंह, मंजू सिंह, आदि ने सभी को बधाई दी। नये पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है : कोल्हान जोन अध्यक्ष : सुषमा सिंह, कार्यकारी अध्यक्षः मीरा सिंह, महासचिव : नीलम सिंह नीलू उपाध्यक्षः 1) नूतन सिंह मानगो, 2) वीणा सिंहदेव, ईचा, सहायक सचिवः निभा सिंह, कोषाध्यक्ष : प्रतिमा राय।

बिष्टुपुर मंडल ईकाईः अध्यक्ष : विद्या सिंह, उपाध्यक्ष : उर्मिला सिंह एवं रंजीता सिंह, महासचिव :मारुति सिंह, संगठन सचिव : सुनीता सिंह, कार्यकारिणी सदस्यः बिन्नी सिंह।

## कुणाल षाड़ंगी ने कई स्थानों में किया ध्वजारोहण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। भारतीय स्वाधीनता के 77वें मौके को देशभर में उमंग के साथ मनाया गया। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर एवं ग्रामीण अंचलों में भी जबरदस्त उत्साह देखा गया। मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पूर्व विधायक सह झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने कई स्थानों पर झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया। सुबह पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण अंचल स्थित चाकुलिया प्रखण्ड के कालीयाम में ध्वजारोहण के बाद सहकारिता भवन, रेलवे कॉपरेटिव सोसाइटी में भी तिरंगे को सलामी दिया। इसके उपरांत जमशेदपुर के बागबेड़ा स्थित बड़ौदा घाट, जुगसलाई फाटक शिव मंदिर प्रांगण, बारीगोड़ा, छोटा गोविंदपुर मंडल भाजपा संपर्क कार्यालय सहित भक्तिनगर बमार्माइन्स में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया। इस दौरान अपने संबोधन में पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने कहा की देश सामाजिक, आर्थिक रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर है। कहा की अबतक भारत राष्ट्र को सर्वाधिक नुक्सान तुष्टिकरण की राजनीति से पहुँची है। स्वतंत्रता का असल अर्थ सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय है। कहा की भारत की वर्तमान बागडोर सबसे सशक्त और सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने देश के रक्षार्थ बलिदान हुए अमर शहीदों को कृतज्ञ भाव से नमन किया।इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थिति बच्चों के मध्य चॉकलेट एवं मिठाई बाँटकर खुशियाँ साझा की गई।



झंडारोहण के पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते कुणाल षाड़ंगी।

## कृतांश एक नयी पहल ने जुगसलाई में निकाली 100 मी की भव्य तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता दिवस के 77 वे वर्ष के उपलक्ष में कृतांश एक नई पहल सामाजिक संस्था के तत्वाधान में पूर्व के भांति इस बार भी मंगल पांडेय चौक पिगमेंट गेट के समीप झंडा तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही 100 मीटर लंबा तिरंगा झांकी एवं गाजे-बाजे के साथ भव्य रूप से तिरंगा यात्रा आयोजित किया गया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, उज्जवल कुमार एवं मानिक मल्लिक उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार विश्वकर्मा संयोजक आलोक बाजपेई महामंत्री हेमंत अग्रवाल कोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह भामरा सनी ने किया। तिरंगा यात्रा के पूर्व झंडा तोलन का कार्यक्रम किया गया। झंडोतोलन में मुख्य रूप से जुगसलाई मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनमोल शर्मा, संजू कुमार लिपू शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे तिरंगा यात्रा 11:45 बजे मंगल पांडे चौक से आरंभ कर जुगसलाई वीर कुंवर सिंह चौक काली मंदिर स्टेशन रोड नया बाजार मारवाड़ी पाड़ा रोड कुमारपारा पुरानी बस्ती रोड गौरी शंकर रोड जुगसलाई फाटक ओवरब्रिज होते हुए जुगसलाई फाटक में शहीद भगत सिंह चौक पर माल्यार्पण कर तिंरगा यात्रा का समापन किया गया।



## 21 अगस्त को 25000 लोग करेंगे सामूहिक जलाभिषेक



जमशेदपुर। सूर्य मंदिर समिती द्वारा पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को होने वाले सामुहिक जलाभिषेक यात्रा की सफलता को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 21 अगस्त को जलाभिषेक यात्रा में कमेटी ने 25 हजार महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई है। जिसमें सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के संग हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। पिछले कई वर्षों से यह आयोजन प्रत्येक वर्ष भव्य एवं व्यवस्थित रूप में सम्पन्न होता आया है। प्रातः 6 बजे से श्रद्धालु बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे जहां स्वर्णरेखा नदी में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया जाएगा। इसके पश्चात, हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सूर्य मंदिर शिवालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भारी बारिश के कारण प्री-सीजन का पहला मैच हुआ रद्द, आगे थी जमशेदपुर एफसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के फ्लैटलेट्स ट्रेनिंग ग्राउंड में भारी बारिश के कारण जमशेदपुर एफसी और गोकुलम केरला के बीच शुरूआती प्री-सीजन मैत्री रद्द हो गया लेकिन इससे पहले मेन ऑफ स्टील ने दक्षिण भारतीय टीम के खिलाफ दो बेहतरीन गोल किए।

पहले हाफ में गोल एलन स्टवानोविक और री ताचिकावा ने किए, जिन्होंने अपनी शानदार फिनिशिंग क्षमता से फ्लैटलेट्स में उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। मैच के पहले हाफ में मुकाबला कांटे का था और दोनों तरफ से एक-दूसरे पर वार हो रहे थे, लेकिन जमशेदपुर ने बॉक्स के किनारे से री ताचिकावा के शानदार गोल की मदद से बढ़त बना ली। जापानी खिलाड़ी ने अपने शानदार शॉट से हमें एक झलक दी कि वो आगामी सीजन में क्या कर सकते हैं। एलेन स्टीवनोविक मैच के अधिकांश समय सेट पीस ड्यूटी पर थे, लेकिन उन्होंने अपने फिनिशिंग कौशल का अच्छा उपयोग किया और पहले हाफ के अंत में डाउन कार्नर में एक गेंद को साइड-फुट से मारकर जेएफसी को हाफ टाइम में 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में कई बदलाव देखने को मिले लेकिन मौसम खराब हो गया और 75वें मिनट के आसपास मैच को रद्द करना पड़ा। खेल में कोई और गोल नहीं हुआ।





मैच से पूर्व एकता प्रदर्शित करते जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ी।

### आठ फ्रेंडली मैच खेलेगी जेएफसी

फर्स्ट टीम प्री-सीजन के दौरान कुल मिलाकर 6-8 फ्रेंडली मुकाबले खेलने के लिए तैयार है, जिसमें अन्य संभावित टीमें जैसे पंजाब एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और अन्य जमशेदपुर आने वाली हैं, जबकि टीम दो फ्रेंडली मैच खेलने के लिए हैदराबाद की यात्रा करने वाली है, जहां वे श्रीनिधि डेक्कन और बेंगलुरु एफसी से भिड़ेंगे।

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज कैंपस में पुलिस चेकपोस्ट का किया उद्घाटन

जमशेदपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज डिमना के पास नवनिर्मित पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन किया गया। 24 गुणा 7 घंटे कार्यरत इस पुलिस चेकपोस्ट के माध्यम से जिले की सुरक्षा-व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था पर रखी जायेगी कड़ी नजर।



## न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### न्यायालय सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध थाना काण्ड में जप्त वाहनों/जप्त वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी-किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 28.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 101/2015 | 43/2015 | (1) ट्रैक्टर एल0 टी0 जॉनडियर इंजन नं0- PY3029D22647 (2) ट्रैक्टर हॉलैण्ड 3030 इंजन नं0- 54530091 कोयला 21 बोरी | 28.08.2023 |
| 2 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 90/2015 | 42/2015 | ट्रक संख्या JH 05AC 0517 कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 3 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 41/2015 | 26/2015 | (1) सोनालिका ट्रैक्टर चेचिस नं0- 0311ZJ35987 डाला पर 2 टन कोयला (2) महेन्द्रा ट्रैक्टर हॉलैण्ड 3030 चेचिस नं0- 41944403 डाला पर 2 टन कोयला | 28.08.2023 |
| 4 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 115/2015 | 41/2015 | बिना नम्बर का हिन्दुस्तान ट्रैक्टर कोयला-2 टन | 28.08.2023 |
| 5 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 36/2015 | 37/2015 | (1) प्रित ट्रैक्टर इंजन नं0- 33505160 (2) न्यू होलैण्ड ट्रैक्टर 3032, S325D 36375 (3) महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या-RACL 02936 कोयला-8 टन | 28.08.2023 |
| 6 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 76/2015 | 35/2015 | (1) इन्डो फार्म ट्रैक्टर इंजन नं0- T241008D (2) आयसर ट्रैक्टर सिरियल नं0- 32578551983127557 कोयला-5 टन | 28.08.2023 |
| 7 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 52/2015 | 34/2015 | (1) सोनालिका ट्रैक्टर इंजन नं0- 0409ZFS0906, (2) स्कॉट ट्रैक्टर सिरियल नं0- 12944869, कोयला-4 टन, मोटरसाईकल-3, JH 02Q 6054, JH 02U 5703, JH 02N 5886 | 28.08.2023 |
| 8 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 35/2015 | 31/2015 | बिना नम्बर का महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 डी0 आई0 कोयला- 02 टन | 28.08.2023 |
| 9 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 8/2015 | 30/2015 | (1) आयसर ट्रैक्टर, इंजन नं0- 519628892589 (2) मेहन्द्रा ट्रैक्टर, सिरियल नं0- RENW03939RE, कोयला-4 टन | 28.08.2023 |
| 10 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 162/2014 | 24/2015 | कोयला-02 टन | 28.08.2023 |
| 11 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 9/2015 | 23/2015 | (1) स्वराज ट्रैक्टर ई0 नं0-391308/P9808579, चेचिस नं0-99CA034001199, कोयला 2.5 टन (2) सोनालिका ट्रैक्टर ई0 नं0- 3095F22A1509 चेचिस नं0-02102D15013, कोयला 2 टन | 28.08.2023 |
| 12 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 33/2015 | 22/2015 | (1) ट्रैक्टर मैसी फोरगन 1035 डी0 आई0, इंजन नं0-S337A45550 चेचिस नं0-MEA629AHE1016118, कोयला 1 क्विंटल | 28.08.2023 |
| 13 | गोरहर थाना काण्ड सं0 11/2015 | 12/2015 | पिकअप भान संख्या JH 10AG 2339 80 बोरा स्टीम कोयला | 28.08.2023 |
| 14 | बरही थाना काण्ड संख्या 302/2014 | 8/2015 | ट्रक संख्या - UP 67T 1059 कोयला 20 टन | 28.08.2023 |
| 15 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 42/2015 | 7/2015 | पॉवर ट्रैक्टर 434, मॉडल नं0-F430B12353 चेचिस नं0- SN12436F540, Engine No. SN012436F कोयला- 02 टन | 28.08.2023 |
| 16 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 58/2014 | 6/2015 | कच्चा कोयला-16 टन | 28.08.2023 |
| 17 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 264/2016 | 21/2017 | JCB मशीन टाटा 315E, इंजन नं0- AYY00576 चेचिस नं0- 315E1239 | 28.08.2023 |
| 18 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 268/2016 | 22/2017 | (1) महेन्द्रा ट्रैक्टर, इंजन नं0- RYNH02174 (2) मेहन्द्रा ट्रैक्टर, इंजन नं0- RBT16980M9 (3) मेहन्द्रा ट्रैक्टर, इंजन नं0- RFN105841 (4) पॉवर ट्रैक्टर, इंजन नं0- E3220336 (5) ट्रैक्टर JOHN5103, इंजन नं0- PY30290133692 कोयला- 3 - 3 टन कुल-15 टन | 28.08.2023 |
| 19 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 75/2014 | 27/2014 | महेन्द्रा ट्रैक्टर बिना नम्बर का कोयला-2.5 टन | 28.08.2023 |
| 20 | केरेडारी थाना काण्ड सं0 33/2014 | 25/2014 | कोयला 40 टन | 28.08.2023 |
| 21 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 80/2014 | 24/2014 | (1) ट्रक- NL-1G-8766 (2) ट्रक- CG-4JB-8426, कोयला 40 टन | 28.08.2023 |
| 22 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 21/2014 | 11/2014 | 1. स्कॉट ट्रैक्टर ई0 नं0- E-3-179/007960 2. स्कॉट ट्रैक्टर नं0- BR-14E-9755 3. स्कॉट ट्रैक्टर ई0 नं0- 215/16870F, कोयला 4.5 टन | 28.08.2023 |
| 23 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 74/2014 | 05/2014 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0- C005562888RI 2. पावर ट्रैक्टर ई0 नं0- E7173013 3. पावर ट्रैक्टर ई0 नं0- E3020389 4. मोटरसाईकिल नं0 JH-10C-1866, कोयला 07 टन | 28.08.2023 |
| 24 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 31/2012 | 21/2012 | ट्रैक्टर ईजन सं0- 005554388 कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 25 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 35/2012 | 22/2012 | स्कॉट ट्रैक्टर ईजन सं0- 7321001108 मोटरसाईकिल सं0- JH-02R-6087, कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 26 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 29/2012 | 25/2012 | ट्रैक्टर इंजन नं0- 33224B88734 कोयला 02 टन | 28.08.2023 |
| 27 | गोरहर थाना काण्ड सं0 08/2012 | 28/2012 | ट्रक सं0- JH-10W-8509 कोयला 19 टन | 28.08.2023 |
| 28 | सदर थाना काण्ड सं0 302/2012 | 30/2012 | ट्रक सं0 JH-5A-7672 कोयला- 10 बोरा | 28.08.2023 |
| 29 | बरही थाना काण्ड सं0 135/2012 | 35/2012 | बस सं0- BR-21D-9914 कोयला - 04 टन | 28.08.2023 |
| 30 | सदर थाना काण्ड सं0 401/2012 | 37/2012 | सीटीराईट बस सं0- JH-2E-1928 कोयला- 100 बोरा | 28.08.2023 |
| 31 | चौपारण थाना काण्ड सं0 105/2012 | 39/2012 | पिकअप भैन सं0- BR-2E-0363 कोयला 03 टन | 28.08.2023 |
| 32 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 73/2012 | 41/2012 | आयसर ट्रैक्टर ई0 सं0- PAC726841 मोटरसाईकिल सं0 - JH-02E-0571, कोयला 1.5 टन | 28.08.2023 |
| 33 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 77/2013 | 53/2013 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 - NGN6658,00558509 पत्थर | 28.08.2023 |
| 34 | बरही थाना काण्ड सं0 159/2013 | 46/2013 | ट्रक नं0- JH-02U-3095 कोयला 20 टन | 28.08.2023 |
| 35 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 63/2013 | 36/2013 | ट्रैक्टर ईजन सं0- PY3029D165043 कोयला- 02 टन | 28.08.2023 |
| 36 | बरकट्ठा थाना काण्ड सं0 81/2013 | 37/2013 | ट्रक नं0- JH-10Y-4705 कोयला .......... टन. | 28.08.2023 |
| 37 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 20/2012 | 17/2012 | 1. स्कूटर सं0 - BR-40-4523, 2. स्कूटर सं0 - BR-47-1258 3. स्कूटर सं0 - BPM-199, कोयला- 03 क्विंटल | 28.08.2023 |
| 38 | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 22/2012 | 18/2012 | 1. सोनालिका ट्रैक्टर ई0 सं0 3092F32B28035 2. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 C05552888 3. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 C05552442RJ, कोयला- 06 टन | 28.08.2023 |
| 39 | ईचाक थाना काण्ड सं0 27/2012 | 19/2012 | स्कॉट ट्रैक्टर- Eng. No. 03002444 कोयला- 03 टन | 28.08.2023 |
| 40 | बरही थाना काण्ड सं0 230/2013 | 56/2013 | पिकअप भान सं0 JH-02-9042 मोटरसाईकिल सं0- JH-02P-4636, कोयला 100 बोरा | 28.08.2023 |

PR 304848 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल


# बेहाल एचईसी

देश भर में औद्योगिक ईकाइयों के निमार्ण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला एचईसी अब बंदी के कगार पर है। नेहरू के जिस सपने को संयुक्त बिहार में रांची के स्वच्छ वातावरण में मूर्त रूप दिया गया था उसकी मौत अब तय मानी जा रही है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य में कांग्रेस समर्थित सरकार भी इस दिशा में कुछ करने में अपने को असहाय पा रही है। कई विशेषज्ञों का आज भी मानना है कि अगर एचईसी महाराष्ट्र,पंजाब या यूपी में होता तो इसे बंद करना आसान नहीं था क्योंकि इन राज्यों में राजनीतिक इच्छा शक्ति के साथ मजबूत नेता हैं। लेकिन झारखंड में भाजपा के सांसद और राज्य की कांग्रेस समर्थित सरकार में इस मदर फैक्ट्री को लेकर उत्साह का अभाव है। कामगारों को छह माह से वेतन नहीं मिला है वहीं एचईसी की मशीन एक -एक कर मरम्मत के नाम पर बाहर जा रही है लेकिन आ नहीं रही है। जमीन तो बिक ही रही है, हॉस्पीटल बिक चुका है अब एचएमबीपी का एसएफडब्लू शॉप भी मात्र दो करोड़ के अभाव में बंद कर दिया गया है। आत्मनिर्भर भारत का नारा देने वाली भाजपा सरकार ने इस कंपनी को बंद करने के सभी उपाय किये, चलाने का कोई ठोस इरादा नहीं दिखा पायी। हद तो यह की भेल के सीएमडी ही एचईसी के भी अंशकालिक सीएमडी है जिससे काम तेज होना संभव ही नहीं हैं। जब भी कोई बेहतर सीएमडी आया एचईसी लाभ में आया तब उसे हटा दिया गया। आखिर इस मदर कंपनी को जो केन्द्र सरकार के सभी रक्षा उपकरण और इसरो के कठिन सामग्री बनाने में सक्षम है इसे इस तरह क्यों बर्बाद करना चाहती है? इस दिशा में राज्य के युवा सीएम हेमंत सोरेन और भाजपा के सभी सांसदों को गंभीरतापूर्वक प्रयास करना चाहिए कि देश की शान उद्योगों की जान एचईसी जिंदा रह सके और आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा हो सके।

# चीन की चाल

देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। लेकिन भारत और चीन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच तनाव बढ़ रहा है। भारत के नेतृत्व में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के बाद से ही चीन की तल्खी तेज हो रहा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच विवाद का प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच 3440 किलोमीटर लंबी सीमा है। यह सीमा तीन सेक्टरों में बंटी हुई है। इनमें पूर्वी सेक्टर, पश्चिमी सेक्टर और मध्य सेक्टर शामिल हैं। भारत के पांच राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश, चीन के साथ सीमा लगी हुई है। चीन पश्चिमी सेक्टर में जम्मू-कश्मीर, शिनजियांग और अक्साई चिन की सीमा वाला इलाके को विवादित कहता रहा है। सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच समय-समय पर झड़पें होती रही हैं। चीन अपनी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के चलते लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का उल्लंघन करते हुए भारत की सीमा में प्रायः घुसपैठ करता रहा है। गौरतलब है कि भारत-चीन के बीच सीमा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की थी। हालांकि भारत के जांबाज सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया था। लेकिन यह बात सच है कि चीन तवांग, डोकलाम, गलवान अथवा लद्दाख में अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। उसे जैसे ही मौका मिलता है, घुसपैठ की हरकत शुरू कर देता है।आवश्यक है कि भारत अपनी कूटनीति और रणनीति में बदलाव करे और चीन को वैश्विक स्तर एक्सपोज करे। वह विश्व को चीन की साम्राज्यवादी नीतियों और मंशा का न केवल संदेश दे बल्कि विश्व समुदाय को उसके खिलाफ खड़ा कर ऐसा सबक सिखाए ताकि वह एलएसी पर बार-बार अतिक्रमण न

# बरसा का हर बूंद बचाकर ही हम बचेंगे




**हमने** जल को अमृत माना नदियों को भगवान का दर्जा दिया। पानी की महत्ता स्वीकार की। यानी हमें हर वह काम करना होगा जो करने की जरूरत है। वर्षा-जल की हरेक बूंद को जमा कर पानी की उपलब्धता बढ़ानी है, इसका इस्तेमाल इतने कारगर ढंग से करना है कि वर्षा-जल की हरेक बूंद का इस्तेमाल हमारे भोजन या फ्लश होने वाले पानी में हो। हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्तेमाल पानी की हरेक बूंद का पुनर्चक्रण हो और प्रदूषण से वह खराब न हो। हम यह बात पहले से जानते हैं और अमल में भी लाते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के दौर में इतना ही काफी नहीं होगा। हमें ये सारे काम कहीं अधिक तेजी से और व्यापक स्तर पर अलग ढंग से करने होंगे।

हमें मालूम है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का ताल्लुक गर्मी और कम-ज्यादा बारिश से है। इन दोनों का जल चक्र से सीधा सह-संबंध है। इस तरह जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए पानी एवं उसके प्रबंधन पर ध्यान देना होगा।

हमें पता है कि हर नया साल इतिहास का सर्वाधिक गरम साल बनता जा रहा है और पिछले रिकॉर्ड को तोड़ता जा रहा है। भारत में ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान फरवरी की शुरूआत में ही 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। उत्तर भारतीय राज्य बढ़ती गर्मी एवं सामान्य से अधिक तापमान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। खास बात यह है कि यह सब 'ला नीना' के साल में हो रहा है। ला नीना प्रशांत महासागर की वे जल धाराएं हैं जो दुनिया का तापमान कम करने के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। लेकिन भारत के मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वैश्विक ताप वृद्धि ने ला नीना के इस शीतकारी प्रभाव को कम कर दिया है।

बढ़ती हुई गर्मी का जल सुरक्षा के लिहाज से कई मायने हैं। पहला, इसका मतलब है कि जल इकाइयों से अधिक वाष्पीकरण होगा। यानी हमें न सिर्फ लाखों जल निकायों में पानी जमा करने पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि वाष्पन के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी योजना बनानी होगी। एक विकल्प भूमिगत जल भंडारण यानी कुओं पर काम करने का है। भारत लंबे वक्त से भूमिगत जल



- सुनीता नारायण

> भारत जैसे देश में जहां भोजन का बड़ा हिस्सा अब भी वर्षा–सिंचित इलाकों में ही पैदा होता है, वहां पर मिट्टी की नमी कम होने से भूमि अपरदन तेज होगा और धूल का बनना भी बढ़ जाएगा। जल प्रबंधन को वनस्पति नियोजन के साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा ताकि मिट्टी में पानी को रोके रखने की क्षमता बेहतर हो, अधिक देर तक चलने वाली तीव्र गर्मी के दौर में भी।

प्रणालियों के प्रबंधन को कम तवज्जो देता रहा है क्योंकि सिंचाई विभाग की समूची अफसरशाही ही नहरों एवं अन्य सतही जल प्रणालियों पर आधारित है। लेकिन जलवायु परिवर्तन एवं पानी की भारी किल्लत के इस दौर में इसे बदलने की जरूरत होगी। हमें तालाबों, पोखरों एवं नहरों से होने वाले नुकसान की भरपाई के तरीके तलाशने होंगे। ऐसा नहीं है कि वाष्पीकरण से पहले नुकसान नहीं होता था लेकिन तापमान बढ? के साथ इसकी दर बहुत ज्यादा हो गई है। हमें योजना बनाने और अधिक काम करने की जरूरत है।

दूसरा, बढ़ती गर्मी का मतलब है कि मिट्टी में नमी कम होती जाएगी जिससे जमीन में धूल की मात्रा बढ़ जाएगी और सिंचाई की जरूरत बढ़ती जाएगी। भारत जैसे देश में जहां भोजन का बड़ा हिस्सा अब भी वर्षा-सिंचित इलाकों में ही पैदा होता है, वहां पर मिट्टी की नमी कम होने से भूमि अपरदन तेज होगा और धूल का बनना भी बढ़ जाएगा। जल प्रबंधन को वनस्पति नियोजन के साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा ताकि मिट्टी में पानी को रोके रखने की क्षमता बेहतर हो, अधिक देर तक चलने वाली तीव्र गर्मी के दौर में भी।

तीसरा, साफ है कि गर्मी बढ़ने से पानी का इस्तेमाल बढ़ जाएगा क्योंकि पीने एवं सिंचाई के साथ ही जंगलों या इमारतों में लगी आग बुझाने के लिए भी ज्यादा पानी की दरकार होगी। हम दुनिया के कई हिस्सों एवं भारत में भी जंगलों में भीषण आग लगने के डरावने दृश्य देख चुके हैं। तापमान जैसे-जैसे बढ़ता जाएगा, यह सिलसिला भी तेज होता जाएगा। जलवायु परिवर्तन से पानी की मांग बढ़ेगी लिहाजा यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम पानी के साथ अपशिष्ट जल को भी बरबाद न करें।

सच यह है कि अत्यधिक बारिश होने की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में भी जलवायु परिवर्तन का असर दिख रहा है। हम बारिश के एक बाढ़ के तौर पर आने की भी अपेक्षा करें। इस तरह बाढ़ों का एक चक्र पूरा होने के बाद सूखे की स्थिति और भी गंभीर हो। भारत में पहले से ही साल में बारिश कम दिन होती है। साल भर में औसतन सिर्फ 100 घंटे की ही बारिश होती है। लेकिन जलवायु परिवर्तन बारिश वाले दिनों की संख्या और कम करेगा। वैसे भारी बारिश वाले दिनों की संख्या बढ़ जाएगी।

इसका जल प्रबंधन की हमारी योजनाओं पर बड़ा असर होगा। हमें बाढ़ प्रबंधन पर अधिक शिद्दत से गौर करने की जरूरत है, नदियों के तटबंध बनाने के साथ ही बाढ़ के पानी को भूमिगत एवं सतहीय जलभंडार निकायों-कुओं एवं तालाबों में जमा किया जा सके। लेकिन हमें वर्षाजल को इक्ा करने के बारे में अलग तरह से योजना बनाने की जरूरत है।

फिलहाल मनरेगा के तहत लाखों की संख्या में बन रहे तालाब एवं पोखर सामान्य बारिश के हिसाब से डिजाइन हैं। लेकिन अब भारी बारिश की बात आम होने के साथ ही ये जल भंडार संरचनाओं को भी नए सिरे से डिजाइन करने की जरूरत है ताकि वे लंबे समय तक लबालब रहें। मूल बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के दौर में हमें पानी की हर बूंद बचानी होगी, चाहे बारिश का पानी हो या बाढ़ का पानी।

हमें पानी एवं उसके प्रबंधन को लेकर पहले जुनूनी होना था लेकिन अब तो सेहत एवं दौलत के आधार पानी को लेकर हमें संकल्पित एवं सुविचारित रवैया अपनाना होगा। यह अपने भविष्य को बनाने-बिगाड़ने की बात है।

(लेखिका सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायरनमेंट से संबद्ध हैं)

## खास बात

# कूटनीतिक दाव

डॉ. अनिल निगम

**भारत** और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के बीच हुई 19 वीं दौर की वार्ता के बावजूद दोनों के बीच सीमा विवाद का कोई समुचित हल नहीं निकल सका है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के रिश्ते खराब रहे हैं। भारत की सीमा में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बढ़ने से दोनों देशों के बीच सीमा पर कई इलाकों में विवाद कायम है। वहीं, चीन ने जी-20 के लेटर हेड में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक ह्यह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्लह्ल पर आपत्ति जताई है।

हाल ही में भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 19 वें दौर की बैठक चुशुलमोल्डो में आयोजित की गई। वार्ता शांतिपूर्ण रही। भारत ने बैठक में देपसांग और डेमचोक समेत अन्य स्थानों से चीनी सैनिकों की वापसी की बात जोरदार तरीके से रखी लेकिन चीन टस से मस नहीं हुआ और समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका। ध्यातव्य है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हो चुका है। इस युद्ध में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जब चीनी सैनिकों ने तवांग जिले में घुसने की कोशिश की, भारतीय सेना ने उसे नाकाम कर दिया था। इसके पहले भी गलवान घाटी में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन यह सच है कि भारत और चीन सीमा पर स्थितियां हर साल बिगड़ती जा रही हैं। यही कारण है कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव बना रहता है। सीमा में युद्ध जैसे हालात बने रहते हैं।

अगर हम दोनों देशों के सैन्य बल की तुलना करें तो दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। संख्या और संसाधनों के लिहाज से चीन की सेना भारी पड़ सकती है परंतु अगर सेना के मनोबल और शक्ति की बात की जाए तो भारत का पलड़ा चीन से भारी है। कौन सी सेना भारी या कमजोर है। यहां यह समझना जरूरी है कि आज आमने-सामने युद्ध करने के बहुत दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं। आज यूक्रेन और रूस के युद्ध के कारण मानवता को होने वाली क्षति और आर्थिक खामियाजा ये दोनों देश ही नहीं बल्कि विश्व भी भुगत रहा है।

# सुंदर जीवन

## धर्म-प्रवाह

श्रीराम शर्मा आचार्य

**जीवन** को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए मनुष्य को अपनी पूरी शक्ति, पूरे प्रयत्न तथा पूरी आयु लगा देनी चाहिए। सफलता बहुत बड़े मूल्य पर ही मिलती है, जो व्यक्ति थोड़े से प्रयत्न के साथ ही मनोवांछित सफलता पाना चाहते हैं, वे उन लोगों जैसे ही संकीर्ण विचार वाले होते हैं, जो किसी चीज को पूरा मूल्य दिए बिना ही हस्तगत करने को लालायित रहते हैं। ऐसे लोभी-लालची व्यक्ति का चरित्र किसी समय भी गिर सकता है। वह मानवीय आदर्शों से जल्दी ही पतित हो सकता है। सदा फल की लालसा मनुष्य को मिथ्याचारी और बेईमान बना सकती है। समाज में हम ऐसे कितने ही व्यक्तियों को देख सकते हैं, जो आज काम प्रारंभ कर कल ही उसका फल चाहने लगते हैं और इसलिए नीति का त्याग कर अनीति को अपना कर चलने लगते हैं। अनीति द्वारा पाई हुई सफलता कभी भी यथार्थ रूप में संतोषदायक नहीं होती। अनीति का धन-धान्य मनुष्य के मन, बुद्धि तथा आत्मा का पतन कर देता है, जिससे वह इतना निर्बल और कायर हो जाता है कि यत्किंचित प्रतिकूलता आने पर घबरा उठता है और शीघ्र ही जीवन से घबराकर भागने की कोशिश करता है। यथार्थ उन्नति के लिए कोई अवधि निश्चित नहीं हैं और न उसे करना चाहिए। उचित आदर्शों के साथ अपना कर्त्तव्य करते रहना चाहिए, समय आने पर सफलता आप-से-आप उपलब्ध हो जाएगी। सफलता के लिए आदर्शों का पतन तथा नीति का त्याग उचित नहीं ।

**भारत** रत्न' श्रद्धेय अटल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में उनकी भव्य प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य मिला जब भी देश की बात आएगी, हम सभी राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर देश के नेतृत्व के साथ खड़े होंगे, यह अटल जी ने प्रेरणा दी है।

**– योगी आदित्यनाथ, सीएम**

## आपके ट्वीट

**अबुआ** आवास योजना की हो रही शुरूआत।

झारखण्ड राज्य के मेरे जरूरतमंद परिवारजनों को हर हाल में देंगे तीन कमरों का आवास।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**






**डुमरी** विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए की तरफ से आजसू पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती यशोदा देवी के नामांकन में शामिल हुआ। डुमरी की जनता राज्य सरकार की गलत नीतियों और लचर व्यवस्था के खिलाफ वोट करेगी। **– सुदेश महतो**

## कॉर्टून वर्ल्ड

बढ़ती गर्मी बदलता पर्यावरण ...




साभार कॉर्टन मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### आनलाइन शिक्षा

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव के अनुसार कोविड-19 की अवधि में शिक्षा को बचाना इस समय सबसे मूल्यवान है। इस अवधि के दौरान शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हुई है। ऑनलाइन शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का विकल्प बन गई है। शिक्षकों और छात्रों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो गया है। वर्तमान में देश ऐसी शिक्षा के लिए तैयार नहीं है।

**-नरेंद्र शर्मा, रांची**

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं चुनाव घोषणा-पत्र एक विज्ञापन से ज्यादा कुछ भी नहीं होता। **- रतिका, जमशेदपुर**

# तेल के बढ़ते दाम से प्राप्त धन को आधारभूत संरचना में लगाये सरकार

भरत झुनझुनवाला

**जनता** तेल के बढ़ते दामों को लेकर परेशान है। बीते चार वर्षों में विश्व बाजार में कच्चे ईंधन तेल का दाम लगभग 40 से 70 डालर प्रति बैरल रहा था। इस सम्पूर्ण अवधि में भारत में पेट्रोल का दाम लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर रहा था। वर्तमान में विश्व बाजार में कच्चे तेल का दाम 65 डालर प्रति बैरल है। इसलिए आशा की जाती थी कि भारत में पेट्रोल का दाम भी लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर ही रहेगा। लेकिन अपने देश में पेट्रोल का दाम 90 से 100 रुपये प्रति लीटर हो गया है जो कि प्रथम दृष्टया अनुचित दिखता है।

वर्तमान में तेल के ऊंचे दाम को समझने के लिए कोविड के प्रभाव को समझना होगा। बीते वर्ष जून के माह में कोविड संकट के कारण तमाम देशों ने लॉकडाउन लगा दिए थे, जिससे यातायात और उद्योग ठप हो गये थे और विश्व बाजार में कच्चे तेल की मांग काफी गिर गयी थी। यहां तक कि कई तेल कम्पनियों ने जिस तेल को जहाजों पर भर रखा था, उसे वे शून्य मूल्य पर भी बेचने को तैयार थे, ताकि जहाज को खाली किया जा सके और जहाज को खड़े रखने का डैमरेज न पड़े। उस समय अपने देश में भी आयातित कच्चे तेल का दाम कुछ कम हुआ था। बताते चलें कि कुछ तेल का आयात तत्काल बाजार भाव पर किया जाता है लेकिन अधिकतर तेल का आयात लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत किया जाता है, जिसके अंतर्गत आयात किये गये तेल का मूल्य

## सामयिक

तात्कालिक बाजार भाव से प्रभावित नहीं होता। इसलिए यदि बाजार में तेल का भाव शून्य हो गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि शून्य मूल्य पर भारत मनचाही मात्रा का तेल खरीद सके। यदि भारत कुछ तेल शून्य मूल्य पर खरीदता भी है तो भी लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत पूर्व में निर्धारित मूल्यों पर तेल को खरीदते रहना पड़ेगा। फिर भी बीते वर्ष कोविड संकट के समय भारत द्वारा खरीदे गये तेल के मूल्य में गिरावट आई थी। उस समय भारत सरकार ने तेल पर वसूल की जाने वाली एक्साइज डयूटी को बढ़ा दिया।

तेल के ऊंचे दाम का प्रभाव मुख्यतः ऊपरी वर्ग पर पड़ता है। अपने देश में तेल के मूल्य का ऊपरी और कमजोर वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव के आंकड़े उपलब्ध नहीं हुए लेकिन अध्ययन के अनुसार यानी ऊपरी वर्ग पर तेल के बढ़े हुए मूल्यों का सोलह गुना प्रभाव अधिक पड़ता है। यह कहना उचित होगा कि तेल के ऊंचे मूल्यों का विरोध करने के लिए ऊपरी वर्ग द्वारा निचले वर्ग को ढाल के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

तेल के ऊंचे मूल्यों का लाभ पर्यावरण का है। खपत कम होने से तेल से उत्सर्जित कार्बन की मात्रा कम होगी, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि कम होगी और अपने देश समेत सम्पूर्ण विश्व में बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं कम होंगी। चौथा और संभवतः प्रमुख लाभ यह है कि कोविड संकट के दौरान सरकार का वित्तीय घाटा बहुत बढ़ गया है। इसलिए सरकार को जनता पर टैक्स लगा कर इस घाटे की पूर्ति तो करनी ही पड़ेगी। प्रश्न सिर्फ यह बचता है कि सरकार तेल पर टैक्स लगाकर अपने घाटे की भरपाई करेगी या फिर कपड़े और कागज पर लगाकर। असल में कपड़े और कागज जैसी आवश्यक एवं उपयोगी वस्तुओं के स्थान पर तेल पर अधिक टैक्स वसूल करना ही उचित होगा। विशेषकर इसलिए कि तेल पर टैक्स वसूल करने का बोझ आम आदमी पर कम और समृद्ध वर्ग पर ज्यादा पड़ेगा। तेल के ऊंचे मूल्य सही हों तो भी सरकार की आलोचना इस बिंदु पर की जानी चाहिए कि तेल के ऊंचे दामों से अर्जित रकम का उपयोग तेल की खपत को और कम करने के लिए किया जाए। सार्वजनिक यातायात जैसे बसों, मेट्रो आदि में सुधार किया जाए।

# नक्सल समस्या के हल बिना गांवों की जिंदगी बदहाल

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**इस** समय छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में और देश के लगभग 50 अन्य जिलों में नक्सलियों का दबदबा है। ये वहां छापामारों को हथियार और प्रशिक्षण देते हैं और लोगों से पैसा भी उगाहते रहते हैं। ये नक्सलवादी छापामार सरकारी भवनों, बसों और नागरिकों पर सीधे हमले भी बोलते रहते हैं।

छत्तीसगढ़ के टेकलगुड़ा के जंगलों में 22 जवान मारे गए और दर्जनों घायल हुए। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में लगभग 20 नक्सली भी मारे गए। यह नक्सलवादी आंदोलन बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से 1967 में शुरू हुआ था। इसके आदि प्रवर्तक चारु मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी जैसे नौजवान थे। ये कम्युनिस्ट थे लेकिन माओवाद को इन्होंने अपना धर्म बना लिया था। मार्क्स के कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो के आखिरी पेराग्राफ इनका वेदवाक्य बन गया है। ये सशस्त्र क्रांति के द्वारा सत्ता-पलट में विश्वास करते हैं। इसीलिए पहले बंगाल, फिर आंध्र व ओडिशा और फिर झारखंड और मप्र के जंगलों में छिपकर ये हमले बोलते रहे हैं और कुछ जिलों में ये अपनी समानांतर सरकार चलाते हैं।

इस समय छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में और देश के लगभग 50 अन्य जिलों में इनका दबदबा है। ये वहां छापामारों को हथियार और प्रशिक्षण देते हैं और लोगों से पैसा भी उगाहते रहते हैं। ये नक्सलवादी छापामार सरकारी भवनों, बसों और नागरिकों पर सीधे हमले भी बोलते रहते हैं। जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को भड़का कर ये उनकी सहानुभूति अर्जित कर लेते हैं और उन्हें सब्जबाग दिखाकर अपने गिरोहों में शामिल कर लेते हैं।

ये गिरोह इन जंगलों में कोई भी निर्माण-कार्य नहीं चलने देते हैं और आतंकवादियों की तरह हमले बोलते रहते हैं। पहले तो बंगाली, तेलुगु और ओड़िया नक्सली बस्तर में डेरा जमाकर खून की होलियां खेलते थे लेकिन अब स्थानीय आदिवासी जैसे हिडमा और सुजाता जैसे लोगों ने उनकी कमान संभाल ली है।

केंद्रीय पुलिस बल आदि की दिक्कत यह है कि एक तो उनको पर्याप्त जासूसी सूचनाएं नहीं मिलतीं और वे बीहड़ जंगलों में भटक जाते हैं। उनमें से एक जंगल का नाम ही है– अबूझमाड़। इसी भटकाव के कारण इस बार सैकड़ों पुलिसवालों को घेरकर नक्सलियों ने उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। 2013 में इन्हीं नक्सलियों ने कई कांग्रेसी नेताओं समेत 32 लोगों को मार डाला था। ऐसा नहीं है कि केंद्र और राज्य सरकारों ने अपनी आंख मींच रखी है। 2009 में 2258 नक्सली हिंसा की वारदात हुई थी लेकिन 2020 में 665 ही हुईं। 2009 में 1005 लोग मारे गए थे जबकि 2020 में 183 लोग मारे गए। आंध्र, बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना के जंगलों से नक्सलियों के सफाए का एक बड़ा कारण यह भी रहा है कि वहां की सरकारों ने उनके जंगलों में सड़कें, पुल, नहरें, तालाब, स्कूल और अस्पताल आदि बनवा दिए हैं। बस्तर में इनकी काफी कमी है।

पुलिस और सरकारी कर्मचारी बस्तर के अंदरुनी इलाकों में पहुंच ही नहीं पाते। केंद्र सरकार चाहे तो युद्ध-स्तर पर छत्तीसगढ़-सरकार से सहयोग करके नक्सल-समस्या को महिने-भर में जड़ से उखाड़ सकती है। यह भी जरूरी है कि अनेक समाजसेवी संस्थाओं को सरकार आदिवासी क्षेत्रों में सेवा-कार्य के लिए प्रेरित करे। दबे जुबान से व्यवस्था को कोसते जवानों के परिजन की चिंता करनी होगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### हुटपा में अल्टो कार ने बिजली पोल में मारी टक्कर ,एक व्यक्ति हुआ घायल

**दारू।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हुटपा में बुधवार की रात्रि 2 बजे एक अल्टो कार ने बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बिजली पोल दो टुकड़ों में बट गया साथ ही कार चालक घायल हो गया। चालक को रात्रि में ही ग्रामीण और परिजनों की सहायता से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। दारू इरगा निवासी सचिन कुमार गुप्ता अपनी सफेद रंग की अल्टो कार संख्या जे एच 02 बी ड़ी 9526 से रात्रि को अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच हुटपा के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चकमा देने के कारण उनकी गाड़ी अनियन्त्रित होकर टकरा गई। इस दुर्घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे और घायल व्यक्ति के परिजनों को इसकी सूचना दी।

### जेएसएलपीएस में कार्यरत कर्मी की संदेहास्पद मौत

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड अंतर्गत जेएसएलपीएस में बीएपी पद पर कार्यरत कर्मी जिला कुमारी की जिला अस्पताल में बुधवार रात्रि को संदेहास्पद मौत हो गई। जिला कुमारी रांची की रहने वाली थी और दारू ब्लॉक में बीएपी के पद पर कार्यरत थी। झुमरा तिलैया में किराए के मकान में रहती थी और यहीं से दारू ब्लॉक ड्यूटी जाती थीं। आसपास के लोगों ने बताया कि 6 महीने पहले इनके साथ एक सड़क हादसा हुआ था जिसमें इसका पैर टूट गया था पैर में एक प्लेट भी लगा हुआ है उसके बाद ठीक होने के एक महिने बाद ड्यूटी जॉइन ली थी और इसी अंतराल में ऐसा हादसा हुआ। साथ ही आसपास के लोगो ने बताया की बुधवार रात्रि अपने कमरे में थी परंतु बृहस्पतिवार की सुबह जब कमरा नहीं खुला तो किराए मकान मालिक ने आसपास के लोगों को बताया उसके बाद दरवाजा खोल कर देखा गया तो लेटी हुई पाई गई आनन फानन में इसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने इन्हें मृत्यु घोषित किया।

### आजादी अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में ,सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख संतोष मंडल ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। उपस्थित जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी ,कर्मचारी और ग्रामीणों ने झंडे को गर्व के साथ सलामी दिया,पर अंचल सह प्रखंड क्षेत्र के मजिस्ट्रेट अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शाइनी तिग्गा ने ही झंडे को सलामी नहीं दिया। यह प्रखंड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रश्न उठना लाजमी है,जब कोई खास पदाधिकारी झंडे को इस प्रकार अपमानित करे तो सवाल उठेगा ही।अब गौर तलब है कि उन पर इस अवहेलना के लिए क्या कुछ किया जाता है। प्रखंड क्षेत्र के डीएवी सैनफर्ड पब्लिक स्कूल,नेशनल पब्लिक स्कूल,आर्यन डीएवी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, धरमपुर,क्रियेटिव उच्च विद्यालय डहरभंगा ,पलस टू उच्च विद्यालय धरमपुर,मध्य विद्यालय खंभवा,इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल अमनारी,मध्य विद्यालय टाटीझरिया,मध्य विद्यालय झरपो ,शिशु विकास विद्यालय झरपो, रामानुजम डिग्री कॉलेज,में ध्वजोत्तोलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर बाद तक चलता रहा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कारा समिति की बैठक आयोजित

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में 17 अगस्त समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने उपकारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### मैं अपने फैन के साथ हूं : रजनीकांत

**रजरप्पा।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रजनीकांत गुरुवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। रजरप्पा पहुंचने पर यहां पर उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना के उपरांत वे थोड़ी देर के लिए स्थानीय सीसीएल वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे। इस दौरान स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए कहा मैं अपने फैन के साथ हूं। सवाल के जवाब में कहा कि अभिजीत मुहूर्त को लेकर रजरप्पा आए थे। कहा झारखण्ड आने से बहुत अच्छा लगा। तत्पश्चात अपने काफिले के साथ रांची लौट गए। इससे पूर्व रजनीकांत पुजारी एवं फैन्स को सेल्फी दिया। बताते चलें कि वर्तमान में जेलर फिल्म की अपार सफलता मिल रही है।

### भुरकुंडा बाजार खोपड़िया बाबा धर्मशाला के समीप आमरण अनशन 25 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इच्छा पुरण बालाजी हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा बाजार समिति ने रामगढ़ उपायुक्त और रामगढ़ एसपी को ज्ञापन देकर कर आगामी 25 को मंदिर के समीप आमरण अनशन करने की बात कही है। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले दिनों मंदिर समिति द्वारा भुरकुंडा थाना प्रभारी को आवेदन देकर मंदिर पर जबरन कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग किया गया था। लेकिन पुलिस मामले में संज्ञान नहीं ले रही है। जिससे तंग आकर समिति का प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ उपायुक्त और एसपी रामगढ़ को ज्ञापन देकर आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है।

### अटल बिहारी वाजपेयी की भाजपा कार्यालय में पुण्यतिथि मनी

**टाटीझरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय टाटीझरिया में उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उन्हे याद करते हुए भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव और सांसद प्रतिनिधि कैलासपति सिंह,महेश अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धेय बाजपेयी जी प्रख्यात कवि,लेखक,संपादक और विचारक के साथ साथ एक सफल राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने देश को एक प्रधानमंत्री के रूप में नई दिशा दी थी। उन्होंने कहा था भारत गावों का देश है और इसकी आत्मा गावों में निवास करती है। इसलिए गावों के विकास पर इनका फोकस रहता था।

### दारू प्रखंड क्षेत्र में 6 दिन से जमे हैं हाथी

# लोहड़ी कला में हाथियों ने फसलों को पहुँचाई भारी क्षति

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारु।** दारू प्रखंड क्षेत्र में पुनाई और कबिलासी पंचायत में चौदह से अठारह हांथियों का झुंड डेरा जमाए हुए हैं जिससे दोनों पंचायत के लोगों में काफी भयभीत है।



हाथियों के द्वारा किया गया बबार्दी

पुनाई पंचायत के लोहड़ी कला में हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात्रि को भारी तबाही मचाई। हाथियों ने यहां पर लखन महतो, जगदीश महतो, परमेश्वर महतो, चानू महतो के बदाम, मकई और धान की फसलों को भारी क्षति पहुंचाई हाथियों ने अशोक महतो, खेमलाल महतो, सीताराम महतो, कृष्ण महतो, बाबुल महतो की चारदीवारी व मकई के फसलों को भारी क्षति पहुंचाई। हाथियों को भगाने के लिए यहां के ग्रामीण एकजुट होकर टॉर्च जलाकर और टीना बजाकर उसे भगाने का प्रयास किया, पर हाथी लगातार फसलों को नुकसान पहुंचाते रहे। लोहड़ी कला के ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग का कोई भी टीम यहां पर नहीं पहुंची थी। ग्रामीण हाथी को भगाने का लगातार प्रयास करते रहे। रात भर हाथियों ने फसलों को खाया और सुबह होते ही बगल के जंगल चले गए। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी हाथी यहां पर आकर फसलों को नुकसान पहुंचा चुके हैं पर उसका कोई भी मुआवजा किसानों को नहीं मिला।

इस बार फिर हाथियों ने लाखों की कीमत की फसल को नुकसान पहुँचाया है। यहां के किसान काफी डरे हुए और भयभीत हैं हाथियों का झुंड लगातार यहां पर आकर बबार्दी करता है। ग्रामीणों को यह डर है कि हाथी गुरुवार की रात्रि को भी उनके मोहल्ले में आ सकते हैं और उनके फसलों को और घरों को क्षति पहुंचा सकते हैं। दारू प्रखंड के उपप्रमुख कौशल्या देवी ने वन विभाग से किसानों को जल्द मुआवजा देने की मांग की है, साथ ही हाथियों को हाथी को भगाने वाले दस्ते भेज कर हाथी को दुर खदेड़ने की मांग की है।

## तिलेश्वर सेना केंद्रीय अध्यक्ष अरूण ने बरही हाउस में किया झंडोत्तोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बरही हाउस में झंडोत्तोलन किया गया। उन्होंने आजादी के इस शुभ अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान वीरों की याद करते हुए उनके साहस और बलिदान को महत्वपूर्ण रूप से उजागर किया। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने देश के महान स्वतंत्रता संग्रामियों के संघर्षों और त्याग के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें और उनकी उपलब्धियों को सम्मान दें। उन्होंने यह भी कहा कि हमें आज भी अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरा निर्वहन करना है और समृद्धि और सामर्थ्य की दिशा में प्रयासरत रहना है।



तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू झंडोतोलन करते

### हर्ष और उल्लास के साथ देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मना

**बड़कागांव।** हजारीबाग कोयला खान परियोजनाओं में हर्ष और उल्लास के साथ देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पकरी बरवाडीह, पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट, चट्टी बरियातू केरेडारी एवं बादम कोयला खनन परियोजना के तमाम पदाधिकारी उनके परिजन, एसोसिएट्स, सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी एवं अन्य लोग। इस मौके उपस्थित हुए। आजादी के जश्न की शुरूआत झंडों तोलन के साथ की गई और उसके बाद प्रयोजना प्रमुखों द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित किया गया।

### झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेश्वर पलानी परगना की बैठक

**कुजू।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेश्वर पलानी परगना के ग्राम कमेटी के गठन को लेकर प्रस्तावित कन्या महाविद्यालय चैनपुर बरबन्दा के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय शौंडिक संघ सदस्य प्रभु प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के तदर्थ समिति केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद साहू उपस्थित थे। पर्यवेक्षक के रुप में केंद्रीय सदस्य भीम प्रसाद साहू, गणेश प्रसाद शामिल थे।

## त्रिवेणी सैनिक में कार्यरत 29 कर्मियों को दी गई प्रोन्नति



अधिकारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड के हजारीबाग में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के लंगातु स्थित प्रोजेक्ट कार्यालय में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से कौशल संवर्धन सम्मान कार्यक्रम के तहत परियोजना से प्रभावित गांवों के ओपरेटरों को प्रोन्नति देते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### झंडोतोलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने किया झंडोत्तोलन, झंडे को दी सलामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में आजादी के 77 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। निर्धारित समयनुसार झंडोत्तोलन करते हुए विद्यालय निदेशक ने विद्यालय परिवर्वक के अलावे आमंत्रित अतिथियों के साथ लहराते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दिया। जिसमें विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने झंडे को सलामी देकर सामुहिकरुप से राष्ट्रगान गाया। झंडोतोलन कार्यक्रम के पश्चात विगत एक महीने से तैयार किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूवात भाषण, वाद - विवाद,व नृत्य नाटक मंचन कर किया गया।मंच संचालन कक्षा 10 की छात्रा कुमारी पायल एवं खुशी कुमारी ने किया। छोटे-छोटे बच्चों के मनमोहक नृत्य को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। देश मेरे, गणपति बप्पा, हर हर शंभू, साइकिल से आया, सनम एक बार, जो तुझसे कहना है जैसे नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इतनी छोटी सी उम्र में बच्चे जिस आत्मविश्वास से परिपूर्ण थे। वह देखते ही बन रहा था।आधुनिक भारत को चमत्कृत कर देने वाली बिज्ञान बिषय के आधार पर चंद्रयान के लॉन्च के मॉडल का प्रदर्शन ने लोगों में एक अलग ही रोमांच उत्पन्न कर दिया। समय के बदलते परिवेश में आत्मरक्षा के गुर बच्चों को बचपन के मुख्य तालिमो में एक माना जाना चाहिए, जिसे आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बच्चों को आत्मरक्षा से संबंधित कराटे का भी प्रशिक्षण अनुभवी शिक्षकों के द्वारा कराया जाता है।




आइलेक्स स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बच्चे

जिसका प्रदर्शन जब बच्चों ने दर्शकों के समक्ष किया तो देखने वालों ने उनके करतब को देखते हुए दांतो तले उंगलियां दबा ली। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों के धुन पर बच्चों ने कई मनमोहक नृत्य के आधार पर लोगों का मन मोह लिया।साथ ही अन्य गीतों में भी दर्शकों के मन को मोहने में सफल रहे। ब्रांच संचालक भूषण चन्द्र ने भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि करते हैं।

### पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व : प्रकाश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब अफ भुरकुंडा के जिलापाल रोटेरियन शिव प्रकाश बगड़िया ने गुरूवार को सौंदा डी स्थित रोटरी भवन का दौरान किया। सचिव सुनील प्रसाद ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस दौरान जिलापाल प्रकाश बगड़िया ने क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद दिव्य योग आश्रम सौंदा बस्ती में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान क्लब के लोगों ने दर्जनों फलादार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर प्रकाश बगाड़िया ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। पर्यावरण संरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरिक्षत रह सकेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। श्री बगाड़िया ने प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

## ओपी जिंदल स्कूल में जेएसपी पतरातू ने उत्साह के साथ मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस



झंडोतोलन करते प्लांट हेड आरके अजमेरिया

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएसपी पतरातू ने ओपी जिंदाल स्कूल में मंगलवार को उत्साह एवं जोश के साथ 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्लांट हेड आरके अजमेरिया ने समृद्धि और विकास की दिशा में प्रतिबद्धता और समर्पण के प्रति सभी की सराहना की और कहा कि आप सभी के समर्पण और परिश्रम के फलस्वरूप जिंदल स्टील एंड पावर को ग्रेट प्लेस टू वर्क जैसा महान सम्मान मिला। इस उपलक्ष्य में अपने देशभक्ति और गर्व की भावना को व्यक्त किया और स्वतंत्रता सेनानियों की यादों को समर्पित किया। एक साथ मिलकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महानता का गर्व महसूस किया और देश के विकास में अपने योगदान के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखना हमसबों का कर्तव्य है।

## फुटबॉल टुर्नामेंट के बालक वर्ग में टोकीसुद व बालिका वर्ग में चैनपुर की टीम बनी चैम्पियन

### खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत, 16 बालक व 4 बालिकाओं की टीम ने लिया था हिस्सा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन के अवसर पर झामूमो के युवा नेता योगेन्द्र यादव के नेतृत्व में बलकुदरा रिचीबंधा नयाटोला ग्राउंड में चल रहे छह दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का मंगलवार को फाइनल मैच खेला गया। बालक का फाइनल मैच टोकीसुद बनाम पलानी के बीच खेला गया। जिसमें टोकीसुद की टीम 1-0 गोल से विजयी रही। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल मैच बड़कागांच बनाम चैनपुर के बीच खेला गया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि विनोद किस्कू व अन्य


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**आवेदन आमंत्रण सूचना।**

राँची जिला के निजी क्षेत्र के मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2023-24 में राज्यादेश सं0 - 16 रा0 (वि0), दिनांक 24.07.2023 के आलोक में निजी तालाबों में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वीकृत इकाई दर के अनुरूप ही प्रति हेक्टेयर मो0 4,00,000/-लाख रू0 (चार लाख रू0 मात्र) के व्यय पर निजी तालाब के मत्स्य कृषकों के द्वारा महाझींगा का पालन किये जाने की योजना है। इस हेतु अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत् (अधिकतम 3,20,000/- प्रति हेक्टेयर अथवा 1,28,000/- रू0 प्रति हेक्टेयर) होगा। तथा अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत् (अधिकतम 2,80,000/- रू0 प्रति हेक्टेयर अथवा 1,12,000/- रू0 प्रति एकड़ होगा। रू0 शेष राशि का व्यय लाभुक को स्वयं करना होगा। राज्य सरकार का अंशदान लाभुकों के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से की जाएगी।

अतः ऐसे निजी क्षेत्र के मत्स्य कृषक जो इस योजना का लाभ उठाकर अपने निजी तालाब में महाझींगा पालन करना चाहते है उनसे दिनांक 31.08.2023 तक विहित प्रपत्र में जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन हेतु विहित प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में विहित प्रपत्र में उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 304843 Fish(23-24)#D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्याः- 38/2023-24 दिनांक :- 16.08.2023

मुख्य अभियंता, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-01/2023-24 | बानो | 1 | केवगुटू से कोधीपाट पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 1.555 कि०मी०) | 1445.435 | चौदह करोड़ पैतालीस लाख तैतालीस हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बानो | 2 | पारो रामजल पथ से कवालबेरा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 3 | L037 टेम्बरा से मरानी पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 6.300 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 4 | L043 पी०डब्लू०डी० रोड़ से नावागाँव भाया चाटुओरा कुसुम पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 1.477 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 5 | L039 बिन्तुका से टुडियो पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 6 | L040 जराकेल से बडोमदा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 18.200 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-SIM-02/2023-24 | ठेठईटांगर | 1 | L058 कोनपाला पथ से लुरकुटोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 1.700 कि०मी०) | 1141.080 | ग्यारह करोड़ एकतालीस लाख आठ हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | ठेठईटांगर | 2 | L051 ठेठईटांगर बोल्बा पथ से जिलिंग केरापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 2.590 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 3 | पंडरीपानी जलडेगा से बनमाली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 4 | एन०एच० जोराम से काहुपानी पाहन टोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 4.570 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 5 | पंडरीपानी जलडेगा से पंडरीपानी पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 1.970 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 6 | L035 एन०एच०-23 से घाटतरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 3.500 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 7 | L036 एन०एच०-23 से कुरपानी भाया कुर्दपानी पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 2.775 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 8 | L024 पंडरीपानी जलडेगा से गंदाटोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 4.748 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:-24.08.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः- 01.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची, एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **सिमडेगा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः- 04.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची, एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (04.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-05.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची, एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- ..........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **सिमडेगा** के पक्ष में एवं **सिमडेगा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची

PR 304815 Rural Work Department(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### छापामारी अभियान में 70 किलो जावा महुआ नष्ट

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के भवनाथपुर टाउनशिप पुराने कॉलेज के समीप झोपड़पटी में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से महुआ शराब बनाने के उपकरण एवं 70 किलो महुआ जावा को नष्ट किया गया। जबकि घर के सदस्य मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। लोग निर्भिक होकर अवैा शराब बनाने वालों की खबर पुलिस को दें। वैसे लोगों के ऊपर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। छापामारी दल में एएसआई अभिमन्यु सिंह और पुलिस जवान शामिल थे।

### सिम्प्लेक्स कंपनी के कर्मचारी को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टंडवा।** थाना पुलिस ने एनटीपीसी टंडवा में कार्य रही कम्पनी सिम्प्लेक्स के कर्मचारी को जेजेएमपी के नाम पर धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित भगिया टोला निवासी फलेन्द्र गंझू उर्फ ढुपा गंझु के रूप में की गई है। आरोपी के पास से धमकी देने में उपयोग लाया गया दो मोबाईल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 16 अगस्त को टण्डवा थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी टंडवा में कार्य रही कम्पनी सिम्प्लेक्स द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि उनके ही कंपनी में कार्यरत कर्मचारी को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल भीम जी के नाम से लेवी की मांग की गयी है। इस संबंध में टंडवा थाना में मामला दर्ज कर टंडवा एसडीपीओ के निर्देश पर टंडवा थाना प्रभारी ने एक छापामारी टीम का गठन किया। तत्काल कार्रवाई करते हुए छापामारी टीम एक आरोपी को गिरफ्तार किया। तथा उसके पास से धमकी देने में उपयोग किया गया दो मोबाईल को बरमाद किया गया है।

### जान देंगे जमीन नहीं देंगे के नारों के साथ किया विरोध

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड स्थित शाल बगीचा का इलाका गुरुवार को जान देंगे, जमीन नहीं देंगे के नारे से गूंज उठा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हजारों प्रदर्शनकारियों ने एक साथ फील्ड फायरिंग रेंज का विरोध करते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को सरकार को वापस लेना होगा। संघर्ष का नेतृत्व जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी कर रहा है। पिछले दिनों नगर भवन चतरा में हुई बैठक में सर्वसम्मति से बृजकिशोर तिवारी को संघर्ष समिति का अध्यक्ष चुना गया। गुरुवार को जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के शियालबाग बगीचा में हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो कर फील्ड फायरिंग रेंज का विरोध के लिए तिवारी के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने एक शब्द में विरोध करते हुए कहा है कि वह लोग अपनी जमीन किसी भी कीमत में नहीं छोड़ेंगे। बिरजू तिवारी कहा कि जब स्थानीय लोग फील्ड फायरिंग रेंज का विरोध कर रहे हैं तो इसे तत्काल रदद् करने की जरूरत है। फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में उमड़ी भीड़ किसी बड़े आंदोलन का संकेत दे रहा है।

### करंट से युवक की मौत

**धुरकी।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा निवासी विजय कुमार यादव के पुत्र अरविंद यादव (22 वर्ष) की मौत विद्युत की चपेट में आने से हो गयी। घटना गुरुवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार मृतक खेत मे पटवन के लिए मोटर चलाने गया था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कांवर यात्रा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** शिव भक्तों को बोल बम रवाना करने के दौरान बस स्टैंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायक कुणाल तिवारी ने भक्ति गीत प्रस्तुत की। इस दौरान सभी कांवरिये भी थिरकते रहे। बोल बम जाने वाले सभी कांवरियों के विशेष आग्रह पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी बाबा भोलेनाथ की गीत पर शिव भक्तों के साथ जमकर थिरके। इस दौरान उपस्थित झामुमो के पदाधिकारी व शिव भक्त काफी देर तक भाव विभोर होकर थिरकते रहे।

### जल नल योजना का शिलान्यास

**केतार।** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में विधायक भानु प्रताप शाही ने जल नल योजना का शिलान्यास किया। यह योजना की प्राक्कलित राशि पांच करोड़ है। मौके पर विाायक ने कहा कि आज हमारे यहां के माता बहनें जो माथा पर पानी ढोते थे, अब वह नौबत नहीं आएगी। अब आपके  घर तक नल लगाकर पानी पहुंचाया जाएगा। श्री शाही कहा कि डोमनी नदी में गार्डवाल बनाने के लिए विाानसभा में भी आवाज उठाया, जिस पर एक मजबूर होकर सरकार को एक कमिटी बनाना पड़ा और कार्य भी तुरंत शुरू होने जा रहा है। आज पंडा नदी में सभी गांवों को पुल से जोड़ने का काम किया हूं, एक पुल की और आवश्यकता थी मकुंदपुर और सिंहपुर के बीच,जो वह पुल भी पास हो गया। अब मैं दशहरा में मकुंदपुर और सिंहपुर के बीच बनने वाला पुल का शिलान्यास करूंगा। मौके पर मंडल अयक्ष कन्हाई प्रसाद, जिला पार्षद सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, संतन तिवारी, महेशी वियार, बुद्धिनारायण प्रसाद, फरहरी साह, अरविंद वर्मा, शिवभरोस सिंह, विनोद प्रसाद, सुरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### लकड़ही टोला से महिला की गुमशुदगी का मामला प्रकाश में

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के खजूरी गांव के लकड़ही टोला से एक महिला का गुमशुदगी का मामला प्रकाश में आया है। इार इस संबंध में गुमशुदा 28 वर्षीय रंभा देवी के पति राजदेव राम ने थाना में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में गुमशुदा रंभा देवी के पति राजदेव राम ने कहा कि है मेरी पत्नी रंभा देवी पिछले 5 अगस्त को लकड़ही टोला से खरसोता अपने बहन के घर जाने के लिए निकली थी। और वह अपने बहन के घर रात भर रही। इसके बाद 6 अगस्त को 5:00 बजे भोर में घर से निकल गई। जो अभी तक वापस लौटकर नहीं आई है। इसके बाद हम सभी परिजनों के द्वारा सभी नात रिश्तेदारों के यहां पता किया, पर कहीं पता नहीं चला। साथ ही कहा गया है कि रंभा देवी की ऊंचाई लगभग 5 फीट की,गोरी रंग की महिला काला कलर का सूट सलवार पहनी है। इार इस संबा में थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने बताया कि गुमशुदा महिला के पति के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में सनहा दर्ज कर लिया गया है।

मंत्री ने किया तिलदाग व कुण्डी विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन

# हर गांव को मिलेगी निर्बाध बिजली : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन करते मंत्री

**गढ़वा।** जिले के गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत तिलदाग एवं कुण्डी ग्राम में नवनिर्मित विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का बुावार को उद्घाटन किया गया। गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विािवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इन दोनों विद्युत शक्ति उपकेन्द्र को बन जाने से पूरे गोवावल क्षेत्र में अनवरत् विद्युत आपूर्त्ति हो सकेगी। साथ ही फरठिया सब स्टेशन का भी लोड कम हो जाएगा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिले के गांव-गांव में निर्बाा बिजली मिल सके इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। ओवरलोड एवं ब्रेकडाउन की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड संपूर्ण बिजली अच्छादन योजना, चरण - 2 के तहत तिलदाग एवं कुण्डी ग्राम में क्रमशः चार करोड़ व साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का निर्माण कराया गया है। इसके प्रारंभ होने से 11 केवी लाईन की लंबाई कम हो जाएगी। फलस्वरूप किसी भी तरह का फल्ट होने पर उसे शीघ्र ठीक कर लिया जायेगा। वर्त्तमान में फरठिया सबस्टेशन से इन क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति की जा रही थी। फिडर की लंबाई 30 किमी होने एवं फिडर को ओवरलोड रहने के कारण विद्युत् तार का टूटने तथा ब्रेक डाउन होने की आशंका हमेशा बनी रहती थी। अब सभी समस्या दूर होगी एवं निर्बाा बिजली पूर्ति की जा सकेगी। इसके साथ ही भविष्य में बढ़ते विद्युत् लोड के लिए नए फिडर का निर्माण करना आसान होगा। साथ ही ग्रामीणों की मांग के अनुसार पावर की उपलबता बढ़ेगी। इसके अलावे षकों के लिए नए षि फिडर का रास्ता आसान होगा। छोटे-छोटे उद्योगों एवं षि कार्य के लिए दोनों विद्युत शक्ति उपकेन्द्र वरदान साबित होंगे। मंत्री ने कहा कि उनके विशेष प्रयास से तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्परता से वर्ष 2020 में ही गढ़वा जिले में बिजली की समस्या दूर करने का उल्लेखनीय कार्य प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कराया गया। यह गढ़वा जिले के लिए बहुत बड़ी उपलबि है।

पहले तो स्थिति यह थी कि गढ़वा जिला में बिजली है कि नहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पता ही नहीं चलता था। यह मेरे ही प्रयास का ही परिणाम है कि गढ़वा जिले में अब 20 से 22 घन्टे तक बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला वर्षो से बिजली की कमी की समस्या से जूझता आ रहा है। बिजली की कमी किसी क्षेत्र के पिछड़े होने के प्रमुख कारणों में एक माना जाता है। विगत 70 वर्षों से गढ़वा सहित पूरे पलामू प्रमंडल को उपेक्षित रखा गया था। गढ़वा जिला उत्तर प्रदेश के रिहन्द और बिहार के सोननगर पर बिजली आपूर्ति के लिए निर्भर था। मुख्यमंत्री श्री सोरेन जब भी गढ़वा सहित पलामू प्रमंडल के दौरे पर आते थे, बिजली की समस्या का स्वयं अनुभव करते थे।

गढ़वा जिले की बिजली समस्या दूर करना उनकी एवं मेरी प्राथमिकता सूची में था। जिस दिन श्री सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, मैंने उन्हें बााई देते हुए सर्वप्रथम गढ़वा जिले की बिजली समस्या दूर करने का आग्रह किया था। मंत्री ने कहा कि  हमारी सरकार ने राज्य में निःशुल्क बिजली योजना शुरू की है। जिसके तहत राज्य के गरीबों और किसानों को बिजली बिल के बोझ को कम करने के लिए हर महीने 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गई है। जो उपभोक्ता 100 यूनिट या उससे कम बिजली की खपत करते हैं, उन्हें किसी तरह का बिल नहीं देना होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि भाई की तरह हमेशा आपके सुख दुख में आपके साथ हूं और आगे भी रहूंगा।

# कोई भी कार्य राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, सेवा भावना से करता हूं : मंत्री मिथिलेश

## तीर्थ यात्रा का सपना किसी का नहीं रहेगा अधूरा

खबर मन्त्र संवाददाता



बस को रवाना करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** शिव भक्त एक हजार कांवरियों का जत्था गुरुवार को गढ़वा से बोल बम के लिए रवाना हुआ। गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर  के सौजन्य से 20 लग्जरी बसों में लगभग एक हजार कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना किया। करीब एक सप्ताह के इस यात्रा में कांवरियों को बाबा बैजनाथ ाम, बासुकीनाथ एवं रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। विभिन्न प्रखंडों के कांवरियों के लिए अलग-अलग बस की व्यवस्था की गई है।

इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी कांवरियों को भोजन कराया गया। उसके बाद वहां से बाजे गाजे के साथ कांवर यात्रा निकाली गई। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कांवरियों के साथ पैदल अपने आवास से चिनियां मोड़ काली मंदिर एवं रंका मोड़, मेन रोड होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। उसके बाद बस स्टैंड पहुंच कर वहां से सभी को बोल बम के लिए रवाना किया। इस दौरान सभी कांवरियों को रास्ता के लिए नाष्ता का डब्बा दिया गया। साथ ही रास्ते में कई स्थानों पर कांवरियों को रहने, खाने आदि के लिए कैंप की भी व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि मंत्री श्री ठाकुर प्रति वर्ष कावरियों को बोलबम भेजते हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे कोई भी काम रानीतिक लाभ के लिए या राजनीतिक भावना से नहीं बल्कि सेवा भावना से करते हैं। जो भी व्यक्ति सच्ची भावना से कार्य करता है, हमेशा उसे भगवान भोलेनाथ एवं माता रानी का आषीर्वाद प्राप्त होता है।

### 26 सदस्यीय गढ़वा टेबल टेनिस टीम जमशेदपुर रवाना

**गढ़वा।** जमशेदपुर में 18 अगस्त से आयोजित झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 28 सदस्यीय टीम  गुरुवार को चोपन-रांची एक्स्प्रेस से रवाना हो गई। 26 सदस्यीय टीम को संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अयक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, नंद कुमार गुप्ता, सचिव आनंद सिन्हा, कोषायक्ष कमलेश कुमार दुबे, सदस्य अजय ठाकुर, और अभिभावकों में रमा दूबे, हरि पाल, जयदेव पाल, शिशिर पाल, नागेन्द्र चौरी ने जीत की शुभकामनाए देते हुए रवाना किया। मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आप सभी खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन कर रहे है। आपलोग साहेबगंज में बेहतर खेले है जिसकी बदौलत 13 मेडल प्राप्त किए। उस प्रतियोगिता के दौरान जो गलतियां हुई है उसे दूर करते हुए इस बार उससे बेहतर प्रदर्शन करना है और गढ़वा को चैंपियन बनाना है। संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार है। गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम के 26 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता,  आयुषी कुमारी पाण्डेय, आयुषी कुमारी, अनुष्का शर्मा, अनिका सिंह को शामिल किया गया है।

### शोक संतप्त परिवार से मिली अन्नपूर्णा देवी

**कोडरमा।** प्रखंड के करमा निवासी हिंदुस्तान अखबार के वरिष्ठ पत्रकार राजेश यादव के आवास पर गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंची। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व पत्रकार श्री यादव की माता जानकी देवी का आकस्मिक निधन हो गया था। मौके पर चाराडीह मुखिया अनीता देवी, भाजपा नेता शिवेंद्र नारायण सिन्हा, समाजसेवी सुरेश प्रसाद यादव, राजेश यादव, सरोज कुमार, प्रोफेसर वीरेंद्र प्रसाद यादव, मुंशी यादव, मनोज यादव, विजय राय, हरी लाल यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# परियोजना बालिका उवि प्रथम, नटखट प्ले स्कूल को दूसरा स्थान



**कोडरमा।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से श्रम कल्याण केंद्र झुमरीतिलैया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी कुमार गौरव, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सरकारी व गैर सरकारी कुल 12 स्कूलों के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों के मन को खूब मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान हाय रे मोरा झारखंड, म्यूजिक गाना, मां तुम सलाम, एकल गीत, जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय हो, आदिवासी जंगल का रखवाला, शेव दा वॉटर, 15 अगस्त पर सामूहिक गीत, लक्ष्य हो जो तेरा गाने पर योगासन नृत्य, कहते हमको प्यार से इंडिया वाले.. जैसे देशभक्ति गीतों पर दर्शक खूब थिरके।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध चलायें औचक वाहन जांच अभियानः अपर समाहर्त्ता

आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू-अर्जन समेत अन्य संबंधित मामालों की हुई समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, अभियोजन स्वीकृति एवं लंबित गिरफ्तारियां जिसमें जिला प्रशासन के द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, आधारभूत संरचना/मेगा प्रोजेक्ट, भू-अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में सभी दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए एनएच 99 और एनएच 100 सड़क में लाईटिंग, रोड रिफलेक्टर, बोर्ड लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

सिमरिया, टण्डवा एवं बगरा रोड में लाईटिंग के साथ-साथ सीसीटीवी लागाने का भी निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा एवं सिमरिया को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से सभी थाना प्रभारी को निर्देशित करेंगे की परिवहन कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से वाहनों की जांच हो। उन्होने आगे कहा कि सभी थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाएं। वहीं बैठक में शहर को जाम मुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया कि सड़क किनारे (फुटपाथ) पर संचालित दुकान को शीघ्र हटाते हुए नवनिर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट करें। शहर में दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन चालक के द्वारा सड़क पर ही वाहन पार्क करने के कारण उत्पन्न जाम की समस्या से निजात पाने हेतु जिले में लगातार वाहन जांच अभियान चलाएं और वैसे वाहन को चिन्हित कर उनके उपर नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होने कहा कि सड़क किनारे सुखे पेड़ो को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें जिससे सड़क दुर्घटना न हो।

## एक नजर में

### झंडोत्तोलनन करते समय झंडा गिर जाने को लेकर प्रमुख ने प्रखंड प्रशासन से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय में झंडोतोलन करते के समय दो बार झंडा गिर जाने को लेकर मामला तुल पकड़ लिया है। इस मामले में प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने एक सप्ताह के अंदर वस्तु स्थिति स्पष्ट कराने की मांग की है। उक्त घटना को लेकर पूरे प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में प्रमुख ने लिखित पत्र देकर वस्तु स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। दिये गये पत्र में प्रमुख ने कहा है कि 15 अगस्त को प्रखंड कार्यालय प्रांगण में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के क्रम में राष्ट्रीय ध्वज दो बार जमीन पर गिर गया। राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्र की आन बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज का इस प्रकार से झंडारोहण के समय गिर जाने की घटना से राष्ट्रीय ध्वज का घोर अपमान है। इससे पता चलता है कि प्रखंड प्रशासन स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी के प्रति गंभीर नहीं था तथा यह घटना घोर लापरवाही का परिचायक है। उक्त घटनाक्रम को क्यों नहीं वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी एवं राज्य सरकार को अवगत करा दिया जाय। इस संबंध में बीडीओ पप्पु रजक से पूछे जाने पर बताया कि झंडारोहण के समय रस्सी खींचने के क्रम में झंडा टूटकर नीचे गिर गया जो एक मानवीय भूल है। जानबूझकर लापरवाही नहीं बरती गई है, झंडारोहण के समय खींचने के क्रम में झंडा नीचे गिर जाने का पछतावा मुझे भी है।

### असेसमेंट कैम्प का आयोजन, कुष्ठ और फाइलेरिया मरीजों की हुई जांच



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप बैठा की अध्यक्षता में सेल्फ केयर असेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कुष्ठ सीबीआर समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती और फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन के द्वारा कुष्ठ रोगियों को विकलांगता से बचने के लिए विभिन्न अभ्यास कराया, साथ ही रोगियों के संक्रमित हाथ और पैरों को पानी मे डुबो कर घावों की साफ सफाई कर मरीजों को नियमित रूप से घावों की सफाई करने और नमी बरकरार रखने के लिए सरसो तेल लगाने की सलाह दी गयी, इसके अलावे 15 कुष्ठ रोगियों और 2 फाइलेरिया मरीजों की जांच की गई। वहीं राज्य समन्वयक काशीनाथ ने मरीजों को नियमित रूप से घावों की साफ सफाई कर, तेल लगाने, वहीं फिजियोथैरेपिस्ट ने मरीजों को फिजियोथेरेपी कर उन्हें नियमित रूप से घरों में अभ्यास करने की सलाह दी। वहीं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने बताया कि विगत जून माह से चले कुष्ठ जांच अभियान के सर्वे में अब तक कुष्ठ के  20 मरीजों की पहचान हुई है, जिसके बाद राज्य स्तरीय टीम के द्वारा लगातार भ्रमण कर कुष्ठ मरीजों की पहचान के साथ साथ ऐसे मरीजों की इलाज किया जा रहा है। मौके पर जावेद अंसारी, जयप्रकाश सिंह, साजदा खातून, लीलावती देवी आदि मौजूद थे।

### छह अपराधी चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**झूमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में बाइक चोरी की बढ़ती घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी कुमार गौरव के द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के आधार पर बाइक चोर की पहचान किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने हजारीबाग और बिहार के नवादा के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर बाइक चोरी की घटना में शामिल 6 अपराधी को गिरफ्तार करते हुए चोरी की पांच मोटरसाइकिल को बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेलावल मस्जिद रोड निवासी 29 वर्षीय फैसल अंसारी पिता रफीक अंसारी, पेलावल मोमिन मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय सद्दाम अंसारी पिता फिरोज अंसारी, बिहार के नवादा जिला अंतर्गत रजौली थाना क्षेत्र के जाजपुर निवासी 19 वर्षीय उमेश कुमार पिता रामजी चौधरी, सुरशा निवासी 20 वर्षीय विनय कुमार पिता हरिद्वार पासवान, फुलवरिया निवासी 28 वर्षीय रंजीत कुमार पिता स्व.विनय चौधरी एवं 31 वर्षीय राहुल कुमार पिता मुकुंद चौधरी शामिल है।

### नवविवाहिता मौत मामले में ससुर, दादी सास, देवर गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मतौनी में नवविवाहिता मौत मामले में जयनगर पुलिस ने मृतिका महिला के ससुर 45 वर्षीय महेश राणा, देवर 22 वर्षीय गुंजन राणा पिता महेश राणा, दादी सास 65 वर्षीय मसोमात आलिया देवी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिन मतौनी से पुलिस ने एक कुआं से नव विवाहिता का शव बरामद किया था। जिसकी पहचान अंशु कुमारी पति धीरेंद्र राणा के रुप में हुई थी। इस मामले में मृतिका के पिता धीरज विश्वकर्मा ने मृतिका के ससुराल वालों पर हत्या कर कुएं में फेंकने का आरोप लगाया था। अंशु कुमारी की शादी लगभग 3 महीने पूर्व 4 मई 2023 को हुई थी। इस मामले में जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर लड़की के ससुराल वालों पर कांड संख्या 164/23 दर्ज कराया था। जिसमें पति समेत नौ लोग नामजद आरोपी बनाया गया है। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाई करते हुए मृतिका के ससुर, देवर, दादी सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## स्पीड न्यूज

### चंदवा के सोंस गांव में रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना–बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी–रिचुघुटा के बीच पोल संख्या 198/34–198/36 के पास चंदवा थाना के सोंस गांव के समीप गुरुवार की दोपहर रेलवे ट्रैक किनारे लावारिश हालत में एक युवक का शव देखा गया। शव देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों को द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की व शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गए है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। कयास लगाया जा रहा है कि युवक की मौत ट्रेन से गिरने की वजह से हुई होगी। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल में जुटी थी।

### गर्म पानी से झुलस कर बच्चा घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के अमरवाडीह ग्राम में एक बच्चा गर्म पानी से झुलसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया ।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवम कुमार तीन वर्ष पिता स्व मुरारी गंझु ग्राम अमरवाडीह थाना बारियातु निवासी घर में खेल रहा था। खेलने के दौरान एक बर्तन में रखे गर्म पानी में गिर गया और झुलस गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों की मदद बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### चरणजीत सिंह ने राजद का दामन थामा, प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश यादव ने दिलाई सदस्यता

**कोडरमा।** कोडरमा के वामपंथी विचारधारा के कद्दावर नेता सह व्यवसायी चरणजीत सिंह उर्फ मंगू सरदार ने राजद की सदस्यता ले ली। गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने पार्टी में शामिल कराया, वहीं पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। रांची स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने चरणजीत सिंह का राजद में शामिल होने पर स्वागत किया गया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि कोडरमा में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। चरणजीत सिंह के पार्टी में शामिल होने से राजद का कुनबा विशाल रूप धारण करेगा। वहीं जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि राजद हर वर्ग और हर समुदाय की पार्टी है। पूंजीवाद और साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ चरणजीत सिंह लगातार सक्रिय रहे है। उनके अनुभव और सक्रियता से पार्टी को काफी लाभ होगा। मौके पर प्रदेश स्तर के नेता भी उपस्थित थे।

# समस्या : अव्यवस्था एवं उपेक्षा से जूझते बरवाडीह के सरकारी विद्यालय

## जर्जर छतें, टूटे फर्श, गिरती चहारदीवारी व पेयजल का किल्लत बनी है चिंता का विषय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- प्राइमरी शिक्षकों के द्वारा चल रहा है कुचिला हाई स्कूल
- शिक्षा के क्षेत्र में हो रही सरकारी उपेक्षा से चिंतित है अभिभावक

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत कुचिला पंचायत स्थित सरकारी विद्यालय दशकों से उपेक्षा का शिकार है, और जर्जर हालत में पहुंच गया है। जर्जर छतें, टूटे फर्श, गिरती चहारदीवारी, पेयजल की किल्लत और अपर्याप्त सुविधाएं छात्रों और शिक्षकों के सामने गंभीर चुनौतियां बन गई हैं। कहने को तो राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुचिला हाई स्कूल है, जो कक्षा एक से दस तक संचालित है, लेकिन प्राइमरी शिक्षकों के द्वारा यह स्कूल चल रहा है। मध्य विद्यालय और हाई स्कूल के लिए यहां एक भी शिक्षक नहीं है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या महज पांच है। जिनमें तीन पारा शिक्षक है। इसके अलावा एक आईसीटी इंस्ट्रक्टर है। सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहे इस विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई राम भरोसे चल रही है। हाई स्कूल के लिए



सरकारी उपेक्षा का शिकार हाई स्कूल कुचिला

यहां एक भी फैसिलिटी मौजूद नहीं है, और न ही विद्यालय के लिए कोई वित्तीय मदद मिलती हैं। प्रखण्ड क्षेत्र में निजी विद्यालयों का दिन प्रतिदिन बढ़ना भी सरकारी उदासीनता का प्रमुख कारण है। बाहरी रंगरूप, चकाचौंध एवं तड़क-भड़क के बल पर निजी स्कूल सरकारी विद्यालयों पर भारी पड़ते हैं, जिसका कुप्रभाव सरकारी विद्यालयों में दिन-प्रतिदिन कम होती विद्यार्थियों की संख्या के रूप में दिखाई पड़ता है।

### सरकारी उपेक्षा से चिंतित है अभिभावक

हाई स्कूल कुचिला में पेयजल की घोर समस्या हैं। विद्यालय से पचास मीटर की दूरी पर लगे एक चापानल की मरम्मती शिक्षकों द्वारा कराकर स्कूली बच्चों की प्यास बुझाई जा रही है। विद्यालय के प्रांगण में एक सोलर जलमिनार है, लेकिन जलस्तर नीचे चले जाने के कारण यह सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। शिक्षकों द्वारा बताया कि विद्यालय के प्रांगण में कई जगह पर बोरिंग कराया गया लेकिन पानी नहीं निकला।

शिक्षकों की माने तो डीप बोरिंग होने से पानी की विकराल समस्या से निजात मिल सकती है। विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा कई बार संबधित पदाधिकारी और स्थानीय मुखिया को विद्यालय की समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

# उग्रवादी संगठन झारखंड क्रांति मोर्चा के सुप्रीमो पत्नी समेत हुआ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड क्रांति मोर्चा के सुप्रीमो समेत पत्नी को लातेहार पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार उग्रवादी में झारखंड क्रांति मोर्चा के सुप्रीमो शंकर राम उर्फ सौरव जी पिता नंददेव राम व उसकी पत्नी कविता देवी पति शंकर राम उर्फ सौरव (नावाडीह, छिपादोहर) का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर के देशी राइफल एक, तीन देसी कट्टा, 315 बोर के पांच गोली, फौजी के वर्दी, जूता, कपड़ा आधार कार्ड व झारखंड क्रांति मोर्चा की एक डायरी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड क्रांति मोर्चा नामक उग्रवादी संगठन के सदस्य कुमंडीह, बेंदी, लेधपा आदि क्षेत्रों में विकास कार्यों में लगे संवेदकों से लेवी वसूलने व किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमण शील है। इसके बाद 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर संगठन के सुप्रीमो व उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर छुपा कर रखें हथियार गोली व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी शंकर राम का अपराधिक इतिहास रहा है। वह पूर्व में भाकपा माओवादियों के कई बड़े लीडरों के साथ कार्य कर चुका है। भाकपा माओवादी कमजोर होने के बाद वह नया उग्रवादी संगठन झारखंड क्रांति मोर्चा नाम बनाकर लोगों से लेवे वसूलने का कार्य करता था।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शंकर राम के ऊपर विभिन्न थानों में कुल 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं और पहले जेल जा चुका है। वहीं छापामारी दल में केडी जोशी समादेष्टा 214 बटालियन, प्रहलाद रजक सहायक समादेष्टा सी 214 बटालियन कुमंडी पिकेट, आशुतोष कुमार पुनि सह थाना प्रभारी लातेहार, पुअनि दिवाकर धोबी, सअनि किशोर पासवान मनिका थाना, महिला आरक्षी एवं सी 214 बटालियन कुमंडी के सशस्त्र बल व क्युएटी के सश्स्त्र बल शामिल थे।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

### 9 सितंबर को मनाया जाएगा बाबा गणिनाथ वार्षिकोत्सव, तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड के कामता स्थित बाबा गणिनाथ शिव मंदिर प्रांगण में बाबा गणिनाथ वार्षिकोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलुवाई सामाज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के श्रवण प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 9 सितंबर 2023 को बाबा गणिनाथ महोत्सव को मनाने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई व विगत वर्ष की कमिटी को ही यथावत रखा गया। इस दौरान समाज के हितार्थ कई निर्णय भी लिए गए। जिसमें पूजा के मुख्य अतिथि पूर्व की तरह जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी को आमंत्रित करने, लातेहार जिला एवं चंदवा प्रखंड के जनप्रतिनिधियों जैसे विधायक, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद, उपप्रमुख,मुखिया एवं अन्य को आमंत्रित करने, पूजा में पुरोहित बसंत प्रसाद साहू तथा जजमान नंदलाल गुप्ता सपत्नीक और कोई भी स्वजाति सपत्नीक पूजा में बैठ सकते है यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के द्वारा आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। मौके पर उमाशंकर चैतन्य, राजेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, बसंत साहू, नारायण साहू, हरदेव प्रसाद, नंदलाल गुप्ता, नागेंद्र साहू, शशि गुप्ता, हर्ष गुप्ता, सूरज गुप्ता, ईश्वर चंद गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, आयुष गुप्ता, सतीश गुप्ता, सोनू गुप्ता, दिलीप साहू, कुंदन गुप्ता, मनोज गुप्ता, बबलू गुप्ता, बिनोद गुप्ता, संजय गुप्ता, तथा काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

77 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त पिपरवार क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं


लालेश्वर महतो
कोषाध्यक्ष भाजपा रांची जिला ग्रामीण


संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माईकल
भाजपा मंडल अध्यक्ष पिपरवार


राजेश महतो
भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिपरवार


रीना कुमारी


गोविंद कुमार


सीबी सहाय


सरिता देवी
मुखिया पंचायत बेंती


मो. मुन्ना उर्फ काशिम
क्षेत्रिय अध्यक्ष राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर युनियन


नेहा उरांव
जिप सदस्य टंडवा दक्षिणी क्षेत्र

मुखिया संघ बारियातू

77 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त बारियातू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

संचालित विकास योजनाओं को लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य
आईये हमसभी मिलकर बारियातू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं


सुरेश उरांव
मुखिया, पंचायत सिबला


रानो देवी
मुखिया पंचायत गोनियां


तेतरी देवी
मुखिया पंचायत फुलसू, निवेदक अर्जुन उरांव


सुरेश उरांव
मुखिया पंचायत डाढ़ा


केदार गंझू
मुखिया पंचायत, बालूभांग


सरिता देवी
मुखिया बारियातू निवेदक प्रमोद उरांव


शांति देवी
मुखिया पंचायत टोंटी


सुशीला देवी
मुखिया अमरवाडीह निवेदक राजेंद्र उरांव


राजीव भगत
मुखिया सालवे

स्पीड न्यूज

## बेरमो : ललपनिया में आदिवासी किशोरी से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल के ललपनिया थाना क्षेत्र में एक आदिवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने 16 अगस्त की देर शाम ललपनिया थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की। बताया गया कि 17 वर्षीय किशोरी 15 अगस्त की शाम को किसी कार्यक्रम से अपने घर लौट रही थी। रास्ते में केरी और अय्यर गांव के बीच एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी युवक पिंडराजोरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह डीप बोरिंग करने वाली टीम के साथ ललपनिया के अय्यर गांव आया था। लड़की को अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में गोमिया अंचल के इंस्पेक्टर महेश सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजन थाना पहुंचे हैं। पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करेगी।

## कुमारधुबी ओपी क्षेत्र में चोरों का बढ़ा आतंक

**कुमारधुबी ।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के बुढ़िया खाद समीप स्थित कुमारधुबी फिजिकल कल्चर क्लब ( माला बाबू बगान) के मुख्य गेट समीप क्लब के चारो तरफ के गेट को चोरो ने गैस कटर के सहारे काट कर चोरी कर लिया। घटना बुधवार 16 अगस्त की देर रात की बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिन पूर्व क्लब के पीछे की तरफ की खिड़की तोड़कर चोरों ने अंदर के सभी लोहे के सामान को चोरी कर लिया गया था । यह काम पास के ही कुछ युवकों द्वारा किया जा रहा है। लोगों ने कहा कि कुछ ही दिन पूर्व बुढ़िया खाद के किनारे लोहे के बने बड़े-बड़े पानी टंकी को चोरी कर लिया गया है। चोरो का मनोबल इतना बढ़ गया कि लगातार घटने को अंजाम दे रहा है। आज क्लब के अंदर के सारे सामान के साथ बाहर की चारदीवारी का मुख्य गेट भी चुरा ले गया। वही क्लब परिसर में लगे लोहे के पाइप को भी काट लिया गया। इस घटना के बाद से आसपास के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।वही इस घटना की सूचना पर कुमारधुबी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिंदरी में निगम के दुकानदारों से वसूला गया भाड़ा

**सिंदरी।** सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स के सहयोग से शहरपुरा बाजार में लगाए गए भाड़ा वसूली कैंप में निगम के दुकानदारों से लगभग 93 हजार रुपए का भाड़ा वसूली की गई। कैंप में निगम कर्मचारी रामकुमार शर्मा और कृष्णकांत सिंह ने सहयोग किया। सिंदरी चेम्बर अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने बताया कि काफी कम व्यापारियों ने अपने पुराने भाड़ा के साथ रसीद की कॉपी फोन नंबर के साथ जमा कराया। उन्होंने कहा कि निगम के अनुसार यदि आप समय से रसीद की कॉपी सहित भाड़ा नहीं जमा कराते हैं तो ऑनलाइन भाड़ा नहीं जमा कर पाएँगे। आनलाइन रसीद के लिए आपको धनबाद नगर निगम के कार्यालय में जाना पड़ेगा। आने वाले कैंप में इसपर दुकानदार ध्यान देंगे।

## अटल जी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**बोकारो।** दीनदयाल सभागार सेक्टर 1 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पांचवीं पुण्यतिथि पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थिति कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी का झारखंड से विशेष लगाव था उन्होंने झारखंड प्रदेश का निर्माण कर जन आकांक्षाओं को पूरा किया। अटल जी हर दिल अजीज राजनेता थे। राष्ट्र के नागरिकों की सुरक्षा उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता थी। मौके पर संजय त्यागी, केके बोराल, माथुर मंडल, महेंद्र राय, तारा शाह, विकास कुमार,अविनाश कुमार, श्यामनाथ मंडल, अभय कुमार, गोलू उपाध्याय, जितेंद्र गुप्ता, राजू गुप्ता, उषा कुमारी, राहुल कुमार, जे पी गांधी, अरविंद कुमार, अनुराग, रौशन कुमार, मुकेश साव, प्रकाश कुमार, गोपाल हंसदा, विशाल कुमार, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

# असामाजिक तत्वों ने मस्जिद गेट पर मचाया उत्पात, विडियो वायरल

### थाना गेट पर किया प्रदर्शन पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के अमलापाडा जामा मस्जिद मुख्य गेट पर असामाजिक तत्वों ने 15 अगस्त को हंगामा किया। एक ओर जहां धनंजय हत्याकांड को लेकर बुधवार को आक्रोशित लोगों द्वारा कतरास मोड़ स्थित चौक पर तोड़फोड़ पत्थरबाजी की घटना हुई थी। झरिया पुलिस काफी मशक्कत के बाद मामले पर काबू पाया था, तो वहीं 15 अगस्त के दिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सांम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की भी कोशिश भी हुई। स्वतंत्रता दिवस पर हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर कुछ शरारती तत्वों ने अमलापाड़ा स्थित जामा मस्जिद के मुख्य द्वार पर खड़े होकर जमकर उत्पात मचाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद धर्म विशेष के लोग काफी आक्रोश में दिखे। लोगों ने पुलिस से ऐसे असामाजिक तत्वों पर लिखित शिकायत दर्ज करा कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।



धनबाद में पत्थरबाजी के बाद मामले को शांत करने पहुंची पुलिस।

### एक तरफ बैठक तो दूसरी ओर नारेबाजी व पत्थरबाजी

झरिया थाना परिसर में जैसे ही शांति समिति की बैठक शुरू हुई वैसे ही थोड़ी देर बाद झरिया थाना के बाहर कुछ असामाजिक तत्वों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान बैठक में भी तनाव का माहौल बन गया। झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह जब थाना गेट के बाहर नारेबाजी कर रहे लोगों को पकड़ना चाहा तो अचानक कई घर के छतों से पत्थरों की बौछार शुरू हो गई। वहीं झरिया पुलिस ने इस दौरान कुछ युवकों को भी पकड़ थाना ले आई। इस दौरान झरिया थाना मोड़ समेत कई चौक चौराहों पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। झरिया थाना प्रभारी ने बैठक में मौजूद लोगों से शांति कायम रखने की अपील की।

### प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे झरिया

झरिया शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर जिला प्रशासन भी रेस हो गया। गुरुवार को दोपहर धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमला कांत गुप्ता, सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, बोकारो एसपी आलोक प्रियदर्शी, झरिया अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत कई पुलिस पदाधिकारी झरिया थाना पहुंचे और मामले की जानकारी ली। लगभग 4 बजे झरिया में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान दोनों ही समुदाय के लोगों समेत शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। बोकारो एसपी आलोक प्रियदर्शी ने शांति समिति में मौजूद सभी लोगों से शांति व्यस्था बनाए रखने की अपील की। वही असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने का भी भरोसा दिया।

## सिंदरी का सौंदर्यीकरण करे प्रबंधन : लक्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत के स्वतंत्रता दिवस भाषण का स्वागत करते हुए सिंदरी के मीरा मोहन उद्यान में गुरुवार को जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह के नेतृत्व में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। उन्होंने एफसीआइएल प्रबंधन से आवासए शिक्षाए स्वास्थ्य के साथ बसी हुई सिंदरी का सौंदर्यीकरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने सिंदरीवासियों को तोहफा देते हुए भाषण देने का स्वागत किया है। उन्होंने सिंदरीवासियों का सहयोग जताने के लिए अभिवादन किया। 23 वर्ष बाद प्रबंधन ने सिंदरी की जनता के दर्द को जाना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रबंधन और जश्रसं के प्रतिनिधिमंडल की हुई मुलाकात का असर ओएसडी के भाषण में दिखाई दिया। इससे सिंदरी की जनता को लीज की प्रक्रिया मिली और शिक्षाए स्वास्थ्य के साथ प्रबंधन ने इसे सुसज्जित करने को खुले मंच से घोषणा की। उन्होंने मोर्चा के सदस्यों के कार्यो का आभार व्यक्त करते हुए अपील की है कि पुनर्वास के मुद्दे पर नहीं बात कर बसी हुई सिंदरी को सुसज्जित करने की बातें करें। प्रेसवार्ता में जश्रसं संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंहए रवि शर्माए अनूप सिंहए जयप्रकाश सिंहए सागर हुसैनए सूरज कुमारए त्रिभुवन सिंहए शंकर प्रसादए अमरेंद्र सिंहए शक्ति सिंह उपस्थित थे।



सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर प्रेस वार्ता करते जमसं के सदस्य ।

## जिप सदस्य संतोष पांडे ने सफाई कर्मचारी के बेटे को लिया गोद

### विद्या मंदिर विद्यालय में करवाया दाखिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** चंद्रपुरा जिप संख्या 12 के जिला परिषद संतोष पांडे ने पेश किया दरिया दिली का मिसाल। उन्होंने दुग्दा दक्षिणी पंचायत के सफाई कर्मी प्रेम नगर पहाड़ी निवासी महावीर डोम के बेटे को गोद लिया। उसकी पढ़ाई करने के लिए विद्या मंदिर विद्यालय में दाखिला करवाया। 12वीं क्लास तक पठन-पाठन के साथ स्कूल शुल्क का सारा खर्चा श्री पांडे उठाएंगे। मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चे के पिता की आर्थिक स्थिति और खराब स्वास्थ को देख पढ़ाई छोड़कर पुत्र राजीव कुमार कचरा उठाने में पिता का सहयोग करता था। जिसे देख नेक दिल जिला परिषद संतोष पांडे से रहा नहीं गया और पहुंच गये सफाई कर्मी महावीर डोम के घर। वहां सारी स्थिति से अवगत होकर सफाई कर्मी के बेटे को गोद लेकर 12वीं क्लास तक पढ़ने का सारा जिम्मा अपने सर पर लेकर बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय दुग्दा में दाखिला करवा दिया। जिससे सफाई कर्मी के परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ इस बाते के क्षेत्र में फैलते ही श्री पांडे चर्चा का विषय बने हुए हैं। लोग उनके इस कार्य के लिए जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

## बोकारो ब्लड डोनर्स एसो. ने लगाया रक्तदान शिविर

**बोकारो।** 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोकारो ब्लड डोनर एसोसिएशन के द्वारा मालती लग्जरी सिटी एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से मालती लग्जरी सिटी के प्रांगण में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में बीबीडीए के सदस्यों एवं मालती लग्जरी सिटी के बीरेंद्र, सिद्धार्थ जैन आदि ने सहयोग किया। स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के उपरांत रक्तदान कर के मालती वासियों ने स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये शिविर बोकारो में 150 से ज्यादा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नवजीवन प्रदान करेगा। आज कुल 45 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। मौके पर मालती लग्जरी सिटी, रेड क्रॉस ब्लड बैंक मौजूद थे।

## हाई रिस्क साइट के लोगों का जल्द करें पुनर्वास : उपायुक्त

### समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त वरुण रंजन ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी एवं संबंधित सभी एरिया के जीएम से ली। उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपयुक्त ने एक-एक कर सभी एरिया जीएम से पुनर्वास में आ रही समस्याओं की जानकारी ली एवं एक्शन प्लान तैयार करते हुए हर हफ्ते 10 से 15 लोगों को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी लोग शिफ्ट नहीं हो रहे हैं उन्हें नोटिस दे। जिन जगहों पर से लोगों को शिफ्ट किया जा चुका है वहां अवश्य ध्यान दें कि फिर से किसी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण वहां ना हो। बैठक के अंत में उपायुक्त ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित सभी पदाधिकारी को ध्यान देने को कहा। जिसमें से लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) का सत्यापन बीसीसीएल एवं संबंधित सीओ मिलकर जल्द से जल्द करें। साथ ही जमीन संबंधित जितने भी मामले हैं उसे निपटाए एवं सबसे महत्वपूर्ण जितने भी लोगों को आवास आवंटन हुए हैं वैसे लोगों को हाई रिस्क साइट से जल्द से जल्द विस्थापित करें। इसके लिए सभी जीएम एवं अंचलाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में लोगों को अपने विश्वास में लेकर जल्द से जल्द कार्य को पूरा करें।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते उपायुक्त।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, जेआरडीए के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत संबंधित सभी एरिया के जीएम मौजूद रहे।

## धनबाद उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षा, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज राजस्व विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों से म्यूटेशन के लंबित मामलों, म्यूटेशन रिजेक्ट करने वाले कारणों, सरकारी योजनाओं में भूमि स्थानांतरण, रिवेन्यू कोर्ट, भूमि अधिग्रहण, जीएम लैंड में अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की। उपायुक्त ने म्यूटेशन में आने वाली समस्या और मामलों के लंबित होने के कारणों एवं रिजेक्शन की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द सभी लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश दिया। साथ ही धनबाद एवं गोविंदपुर प्रखंड में ज्यादा मामले लंबित होने पर संबंधित अंचलाधिकारी को विशेष ध्यान देने को कहा। धनबाद, गोविंदपुर और बाघमारा अंचल के अंचल अधिकारियों ने बताया कि उनके यहां अमुक हल्का में अत्यधिक लोड होने तथा कर्मचारियों की कमी के कारण अधिक मामले लंबित रह जाते हैं।

## खेशमी में जदयू पंचायत कमेटी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** गुरुवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत गोमो खेशमी पंचायत में जदयू पार्टी की एक बैठक जदयू तोपचांची प्रखंड महासचिव कमलेश मंडल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में खेशमी पंचायत से संबंधित समस्याओं से लोगों ने दीप नारायण सिंह को अवगत करवाया। इस अवसर पर खेशमी पंचायत के दर्जनों युवाओं ने दीप नारायण सिंह के उपर आस्था व्यक्त करते हुए जदयू की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में जदयू खेशमी पंचायत कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष बिनोद गोप, पंचायत उपाध्यक्ष कन्हाई चौधरी, पंचायत सचिव अजय कर्मकार, और पंचायत कोषाध्यक्ष सुदामा मंडल को चुना गया। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा साथियों एवं नव गठित पंचायत कमिटी के पदाधिकारियों को बधाई दी। मौके पर डोमन ठाकुर, बिनोद बिहारी महतो,अजय कुमार, लाल चंद तुरी, कैलाश तुरी, हीरालाल तुरी, भुषण ठाकुर, मो अकरम,मो डब्बू अंसारी,मो ऐनुल अंसारी, शंकर तुरी , मनोज तुरी, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह मौजूद हुए।

### जदयू गरीब-मजदूर की पार्टी है

श्री सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। जदयू गांव - गरीब, मजदूर - किसान की पार्टी है। ग्रामीण बहुल टुंडी विधानसभा क्षेत्र में जदयू पार्टी ही लोगों का हक - अधिकार दिला सकता है।

## जोगता जामा मस्जिद में फिर बनी खाई, खतरे में बड़ी आबादी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ/जोगता।** कोईलांचल में भू धंसान की घटना आम बात हो गई है। लोग जब रात में अपने परिवार के साथ सोते हैं तो अगले दिन का सूरज वह देख पाएंगे या नहीं यह भी पता नहीं होता है। धनबाद जिले के बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के अंतर्गत पड़ने वाला जोगता थाना क्षेत्र का 22/ 12 बस्ती जहां अधिकांश समुदाय मुस्लिम वर्ग से आते हैं उस जगह पर बार-बार भू-धंसान की घटना हो रही है। पिछले वर्ष भी 2212 में स्थित जामा मस्जिद भू-धंसान की चपेट में आ गई थी जिससे कई वाहन जमींदोज हो गए थे, कई लोग बाल बाल बचे थे। 22/12 की आबादी खतरे में है लेकिन अभी तक बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा एवं झरिया पुनर्वास योजना के अधिकारियों के द्वारा इन लोगों की पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके कारण यहां के लोगों में भारी आक्रोश है। अगर समय रहते बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा यहां के लोगों को पुनर्वासित नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि ना तो इस क्षेत्र के सांसद और ना ही विधायक कभी भी यहां के लोगों की सुध लेने के लिए पहुंचे हैं। जिसको लेकर भी ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

मौके पर मोहम्मद अंसारउल ठेकेदार मोहम्मद मनीर अंसारी मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी मोहम्मद नौशाद आलम हाजी अब्बास हाजी इजरायल शहीद दर्जनों गांव वाले घटनास्थल पर मौजूद थे।



जोगता जामा मस्जिद के निकट धंसी हुई जमीन।

### सांसद-विधायक नहीं करते क्षेत्र का दौरा

पूर्व पार्षद पति जसीम अंसारी ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पर लगाए गंभीर आरोप। कहां हमारे सांसद कभी भी 22/12 क्षेत्र का दौरा नहीं करते हैं। कभी भी भू धशन में 22/12 का पूरा आवाम जमीदोज हो सकता है, ना जिला प्रशासन ध्यान दे रही है ना बीसीसीएल प्रबंधन ध्यान दे रही है। अब वह वक्त आ गया है की जामा मस्जिद के छत पर सभी लोग चढ़कर वही खाई में अपनी जान दे दे।

एक नजर में

## बोकारो : वेदांता ने सशक्तिकरण के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



कारखाना परिसर में स्वतंत्रता दिवस मनाते अधिकारी और कर्मचारी।

**बोकारो।** भारत के प्रमुख एकीकृत स्टील निमार्ता वेदांता ईएसएल ने अपनी प्रगति, सशक्तिकरण और समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव की पुनरावृत्ति करते हुए स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल, वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी, वेदांता ईएसएल एक्सेल 30 सेंटर, वेदांता आस विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धनडाबर और 150 नंद घर को शामिल किया। स्किल स्कूल और आर्चरी अकादमी के छात्र ने विभिन्न देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण, शायरी और नाटक प्रस्तुत किए। मौके पर उपस्थित दर्जनों जन-प्रतिनिधियों ने युवा बच्चों को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बताया। स्वतंत्रता दिवस का उत्सव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धनडाबर, वेदांता आस विद्यालय सहित 150 नंद घरों में भी मनाया गया। उल्लेखनीय है कि वेदांता.ईएसएल राष्ट्र के विकास के लिए तत्पर रहने के साथ ही अपने विभिन्न सीएसआर पहलुओं के माध्यम से दूसरों को भी ऐसे ही करने का सामर्थ्य प्रदान करता है।

## विधायक ने सड़क-पुलिया का किया उद्घाटन



**पुटकी।** मुनीडीह स्थित गोपीनाथडीह सुंदर बांध तालाब मल्लिक तोला के पास पुलिया एवं रोड़ निर्माण का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा नारियल फोड़ कर किया।और अपने सम्बोधन में कहा कि मैने वादा किया था।उसे पूरा किया हु।धनबाद विधानसभा क्षेत्र में लगभग हमने विकाश का काम किया हु।और जिन क्षेत्रों में बचा है।उसे भी पूरा करूँगा।इस गोपिनाथडीह में यह पुलिया बना है।उससे यह फायदा हुआ कि मल्लिक टोला ओर दास टोला के लोगो का आवागमन का रास्ता बन गया है।अब इस पुल ओर सड़क से लोगो को फायदा मिलेगा।मौके पर छोटू दास, विकाश मिश्रा, मनोज सिंह,दीपक सिंह चौधरी,रेणुका सिंह, मंजीत सिंह, बिनोद सिंह,सुनील पांडे आदि ग्रामीण लोग मौजूद हुय।

## जदयू कार्यालय में झंडोत्तोलन

**बोकारो।** 77वीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता दल यू नेता व पूर्व बियाड़ा अध्यक्ष अशोक चौधरी ने सेक्टर 12 स्थित जनता दल यू कार्यालय पर झंडोतोलन किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक गणराज्य है लेकिन यहां के बहुतेरे जनसंख्या के पास आज भी स्वतंत्रता की मिठास के अनुभव प्राप्त करने के सामर्थ्य का अभाव है। समारोह में मुख्य तौर पर डॉ के कुमार, शमीम अख्तर, विजय यादव, वाल्मीकि सिंह, पानु महतो, अशोक कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, कुंदन, नूर आलम, माखन सिंह, सत्यदेव प्रसाद, अवधेश सिंह, अशोक राय, चंद्रभूषण सिंह, श्याम किशोर राय, महेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र चौधरी, शंकर यादव, अनूप यादव, जितेंद्र राय, राकेश कुमार, राजू कुमार, संजय बावरी, महेंद्र गोप, रविंद्र कुमार, श्रीकांत शर्मा, अली असगर, गुप्तेश्वर शाह, शंकर स्नेही सिंह, ललन पासवान, खालिद अंसारी, मुख्तार अंसारी, चक्रधर रजवार, विषटू महतो, रामेश्वर सोरेन आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अब आदिवासी के ...

आदिवासी समाज के सभी नौजवानों को अपनी गति बढ़ानी होगी। मैं भी आपके बीच का ही हूं और आदिवासी समाज का ही हूं। कहीं आसमान से नहीं आया, मैंने अपनी गति बढ़ाई है और आज यहां आपके सामने खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पास कई चुनौतियां हैं और उससे हम लड़ भी रहे हैं। हमने अपनी लड़ाइयों को जारी रखा है। इसके पहले मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वज जिस तरीके से जीवन जिये हैं, वह देश के विकास में अहम रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई हो या फिर देश को आगे ले जाने के लिये समर्पित भाव से काम करने का। लेकिन बाद के दिनों में व्यवस्थाएं बहुत बदली है। कभी रांची में जनजातीय समुदाय बहुसंख्यक हुआ करते थे। लेकिन आज उनकी संख्या बहुत घट गई है। उन्होंने कहा कि पहाड़ पर रहने वाले बच्चे और दूर गांव में रहने वाले बच्चे जब उच्च परीक्षाओं में पास होंगे और अधिकारी बनेंगे तो उससे देश और समाज में बराबरी की भागीदारी तय होगी। यही दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सपना था और उसे पूरा करने के लिये हम लोग लगे हुये हैं। इस अवसर पर राजीव अरूण एक्का, बंदना डाडेल, विनय चौबे, रणेंद्र कुमार सहित दर्जनों गणमान्य व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कुआं धंसने से...

जिनमें से दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि पांच लोगों की मौत हो गयी है। फिलहाल एक शव निकाल लिया गया है, बाकी शव निकालने का प्रयास किया जा रहा है। सभी चालीस फीट नीचे मिट्टी में दबे हैं, इसलिए उन्हें निकालने में परेशानी हो रही है। कुआं को खोदकर शवों को निकालने के लिए मशीन मंगायी गयी है। इससे पहले रांची के सीटी एसपी शुंभाशु जैन ने बताया था कि त से आठ लोगों के दबने की आशंका है। एनडीआरएफ की टीम भी मदद के लए पहुंच गयी है। विधायक सुदेश महतो भी घटनास्थल पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वह डुमरी में चुनावी सभा में थे। इसी बीच इस हादसे की जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार बैल रस्सी से बांध कर उपर खींचने के दौरान यह हादसा हुआ।

### देश को भूखा-नंगा ...

ये वो लोग हैं जो आपके शरीर से कपड़ा उतार लेंगे। ये लोग हैं जो गरीब, किसानों के खिलाफ नये-नये कानून, संविधान बनाने का षड्यंत्र कर रहे हैं।

**जात-धर्म का जहर फैलाया जा रहा है :** सीएम ने कहा कि यही लोग जात-धर्म का जहर फैला रहे हैं। हिन्दू-मुसलमानों के बीच आग लगवा कर, मॉब लिंचिंग कर, आदिवासी-दलित को रस्सी में बांधकर, घसीट-घसीटकर बेइज्जत करना, मणिपुर में एक दूसरे लड़वाना यही इनका काम है। यही इनकी सोच है कि देश लड़ेगा तो इनकी रजनीतिक रोटी पकेगी। कहा कि अब हमलोगों ने कमर कस ली है। अब देश की जनता को लड़ने नहीं देंगे। उनके राजनीतिक मंसूबे पर पानी फेरने का काम करेंगे। सभा को मंत्री बादल पत्रलेख,सत्यानंद भोक्ता, हफिजुल अंसारी ने संबोधित किया। विधायक विनोद सिंह, सदर विधायक सुदिव्य कुमार, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह ने भी एनडीए पर हमला बोला। सभी ने कहा कि एक तरफ इंडिया है तो एक तरफ एनडीए है। यह जनता को तय करना है कि इण्डिया को जीतना है या एनडीए

**जब रो पड़ी बेबी देवी :** इस दौरान सभा को झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने भी सम्बोधित किया। यहां लोगों से सहयोग की मांग की, कहा कि उनके पति ने जिन कार्यों को अधूरा छोड़ा है उसे पूरा किया किया इस दौरान वह दिवंगत जगरनाथ महतो को याद कर रो पड़ी।

स्पीड न्यूज

## एयर इंडिया ने घरेलू और विदेशी टिकट पर छूट दी

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया ने गुरुवार (17 अगस्त) से 96 घंटे की सेल शुरू की है। सेल के दौरान इंटरनेशनल और घरेलू टिकट बुक करने वालों को सीधे 30 फीसदी छूट मिलेगी। एयर इंडिया ने कहा कि इंटरनेशनल रूट के लिए टिकट बुक करने वालों को सीधे तौर पर 30 फीसदी की छूट दी जायेगी। कंपनी ने अपने ट्वीट में कहा है कि टाटा समूह ने अपने यात्रियों को बड़ा तोहफा दिया है। एयर इंडिया की वेबसाइट या एप के जरिये 17 से 20 अगस्त तक इंटरनेशल टिकट 30 फीसदी छूट के साथ बुक की जा सकती है।

## आइएसआइ जासूस कलीम को किया गया गिरफ्तार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने गुरुवार को शामली से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से जुड़े शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आइएसआइ का यह जासूस अवैध हथियार एकत्रित कर देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की साजिश रच रहा था।

## डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

**नयी दिल्ली।** भारतीय मुद्रा में भी गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गयी है। आज की गिरावट के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। आज दिनभर के कारोबार के बाद डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ 83.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय मुद्रा 82.95 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।

# 'विंध्यागिरी' आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम : द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति ने कोलकाता में प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट के छठे युद्धपोत का किया जलावतरण

**कोलकाता (हि.स.)।** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसइ) की ओर से कोलकाता में प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट के तहत बनाये गये 'विंध्यागिरी' युद्धपोत का जलावतरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों गुरुवार को हुआ। कोलकाता के गार्डन रीच में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मैं विंध्यागिरी के शुभारंभ पर यहां आकर बहुत खुश हूं। यह आयोजन भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ने का प्रतीक है। विंध्यागिरि स्वदेशी जहाज निर्माण के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी एक कदम है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय नौसेना और इस जहाज के डिजाइन और निर्माण में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि गार्डन रीच शिप-बिल्डरों और इंजीनियरों ने विंध्यागिरि जैसे फ्रिगेट सहित सौ से अधिक युद्धपोतों का निर्माण और वितरण किया है। आपके कौशल और अथक प्रयासों ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है, जिसके लिए मैं जीआरएसइ की पूरी टीम की उपलब्धियों के लिए सराहना करती हूं।

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट 17ए, जिसका विंध्यागिरि एक हिस्सा है, आत्मनिर्भरता और तकनीकी उन्नति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह परियोजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए स्वदेशी नवाचार को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस श्रृंखला के मल्टी-मिशन फ्रिगेट हमारे समुद्री हितों के लिए सभी प्रकार के खतरों से निपटने में सक्षम होंगे।



कोलकाता में 'विंध्यागिरी' का जलावतरण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ हैं प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी।

पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति के रूप में पश्चिम बंगाल की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कोलकाता का जीवंत शहर, अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति के साथ हमारे देश के दिल में एक विशेष स्थान रखता है। इसकी बौद्धिक जीवंतता, कलात्मक उत्साह और विश्वव्यापी भावना भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है।

युद्धपोत के नामकरण की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, जहाज का नाम उपयुक्त रूप से 'विंध्य' पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो दृढ़ता का प्रतीक रही है। मुझे विश्वास है कि जब यह युद्धपोत चालू हो जायेगा, तो यह विंध्य की मजबूती का प्रतीक होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम निकट भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था का मतलब है अधिक मात्रा में व्यापार। हमारे व्यापार-सामान का एक बड़ा हिस्सा समुद्र के माध्यम से पारगमन करता है। यह तथ्य हमारे विकास और कल्याण के लिए महासागरों के महत्व को उजागर करता है। हिंद महासागर क्षेत्र और बड़े हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के कई पहलू हैं। इसमें समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, नशीली दवाओं की तस्करी, अवैध मानव प्रवास, प्राकृतिक आपदाएं और ऐसे कई मुद्दे शामिल हैं। इस पृष्ठभूमि में, भारतीय नौसेना को भारत के समुद्री हितों की रक्षा, संरक्षण और बढ़ावा देने का अधिकार है। सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए नौसेना को हमेशा सक्रिय रहना होगा।

### राष्ट्रपति ने किया 'मेरा बंगाल, व्यसन मुक्त बंगाल' अभियान का शुभारंभ

**कोलकाता (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कोलकाता स्थित राजभवन में ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 'मेरा बंगाल, व्यसन मुक्त बंगाल' अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि मादक द्रव्यों का दुरुपयोग समाज और देश के लिए चिंता का विषय है। इन व्यसनों के कारण युवा अपने जीवन में सही दिशा नहीं चुन पाते हैं। यह अत्यंत चिंताजनक है और इस मामले में सभी मोर्चों पर काम करने की आवश्यकता है। इस स्थिति में आध्यात्मिक जागृति, चिकित्सा, सामाजिक एकजुटता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के माध्यम से सुधार किया जा सकता है। उन्होंने ऐसे मुद्दों पर चर्चा करने और उनके समाधान की दिशा में काम करने के लिए ब्रह्माकुमारीज जैसे संगठनों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी प्रकार का व्यसन मानसिक तनाव और साथियों के दबाव के कारण विकसित होता है। नशे की लत स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। व्यसन से कई अन्य विकार भी उत्पन्न होते हैं। व्यसन करने वाले लोगों के परिवार और मित्रों को भी काफी परेशानी होती है।

## बैंकों में लावारिस पड़ी जमा राशि के लिए उद्गम पोर्टल लांच

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने बिना दावे वाली (लावारिस) जमा राशि की खोज करने के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम लांच किया है। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को केंद्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट-गेटवे टू एक्सेस इंफॉर्मेशन) लांच किया। इस वेब पोर्टल को जनता के उपयोग के लिए विकसित किया गया है, ताकि उन्हें एक ही स्थान पर कई बैंकों में अपनी लावारिस पड़ी जमा राशि की खोज करना और आसान हो सके। रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक इस वेब पोर्टल के लांच होने से लोगों को अपनी लावारिस जमा राशि और बैंक खातों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य की खबरें

## गुलामी की मानसिकता छोड़ने से ही विकसित देश बनेगा भारत : सीतारमण

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि गुलामी वाली मानसिकता छोड़कर ही 2047 तक भारत का विकसित देश बनने का सपना साकार होगा। सीतारमण ने ओडिशा के पुरी में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण अभियान और 'पंच प्रण प्रतिज्ञा' कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में हमारे अंदर पैदा की गयी गुलामी की मानसिकता से खुद को मुक्त करने की जरूरत है, तभी भारत 2047 तक विकसित देश बन सकेगा। ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार की देर रात भुवनेश्वर पहुंचीं सीतारमण ने



गुरुवार की सुबह जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, स्थानीय विधायक जयंत सारंगी और ललितेंदु विद्याधर महापात्र मौजूद थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और संबित पात्रा के साथ ओडिशा के पुरी में ब्लू फ्लैग समुद्र तट पर प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक की 'मेरी माटी मेरा देश' थीम पर तैयार रेत कला देखी।

## वैश्विक दबाव में गिरा घरेलू शेयर बाजार सेंसेक्स लुढ़का

**नयी दिल्ली।** वैश्विक दबाव और निराशा के माहौल के बीच घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई और दिन के पहले सत्र में बाजार लगातार गिरता गया। दोपहर एक बजे के बाद बाजार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन लिवाली के चौतरफा दबाव की वजह से शेयर बाजार लगातार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.51 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज बाजार में आयी कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 62 हजार करोड़ रुपये कम हो गयी।

## भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए 21 व मप्र के लिए 39 उम्मीदवार किये घोषित

विधानसभा चुनाव

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों का शंखनाद कर दिया। हालांकि, अभी चुनाव आयोग की ओर से दोनों राज्यों में चुनाव कार्यक्रम को लेकर कोई घोषणा नहीं की गयी है। इसके बावजूद पार्टी ने मप्र के लिए 39 और छत्तीसगढ़ के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची आज जारी कर दी। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को देर शाम दोनों राज्यों को लेकर बैठक हुई थी। इस बैठक में उन सीटों की पहचान की गयी, जहां पार्टी मजबूत है और जहां पार्टी की स्थिति कमजोर है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे।

### सुरजेवाला और वासनिक को मिली नयी जिम्मेदारी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी है। इसी क्रम में गुरुवार को पार्टी नेता रणदीप सुरजेवाला, मुकुल वासनिक और अजय राय को नयी जिम्मेदारी दी है। वरिष्ठ नेता केसी विणुगोपाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेता मुकुल वासनिक को गुजरात का प्रभारी महासचिव और रणदीप सिंह सुरजेवाला को मध्य प्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया है। पूर्व विधायक अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वेणुगोपाल ने कहा कि यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष रहे बृजलाल खाबरी के योगदान को हमेशा याद रखेगी।

### खेसारीलाल यादव का कांवर भजन 'आंसू गंगा जल भइल' रिलीज



खेसारीलाल यादव का नया रिलीज भोजपुरी कांवर 'भजन आंसू गंगा जल भइल' रिलीज के साथ ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने की थीम बेहद आकर्षक है और इसमें भक्ति के साथ-साथ मानवीय संवेदना भी देखने को मिलती है। गाने में खेसारीलाल यादव की आवाज और अभिनय दोनों रिझाने वाला है। खेसारीलाल के भोजपुरी कांवर भजन आंसू गंगा जल भइल गुरुवार को टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर रिलीज हुआ है, जिसे अब तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं।

77 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त बारियातू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आईये हमसभी मिलकर बारियातू प्रखंड के विकास में सहभागी बने


चेतलाल रामदास
भाजपा नेता सह
लातेहार विधानसभा
क्षेत्र के भावी प्रत्याशी


लव कुमार सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष


सतेंद्र सिंह
सांसद प्रतिनिधि मंडल बारियातू


प्रमुख उर्मिला देवी
निवेदक दन्दू उरांव
बारियातू


रमेश राम
जिला परिषद सदस्य
बारियातू


रीगन कुमार
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह
राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि बारियातू


परियोजना उच्च+2
विद्यालय परिवार बारियातू

सिबला गांव के
जागरूक
ग्रामीण जनता
प्रखंड बारियातू


मुकेश चौधरी
थाना प्रभारी बारियातू


प्रभाकर कुमार सिंह
बब्लू मकरा सिबला


निशा शाहदेव
उप प्रमुख बारियातू
निवेदक लाल आशिषनाथ
शहादेव युवा कांग्रेस नेता


लवकुश यादव
राजद प्रखंड अध्यक्ष

JRG Bank
झारखण्ड का अपना बैंक
इसीडोर तिग्गा
शाखा प्रबंधक
झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बारियातू


कन्हाई सिंह
बलराम स्टोन
बारियातू


विजय शंकर शर्मा
वन विभाग
प्रभारी फॉरेस्टर

पारा शिक्षक
संघ
बारियातू

प्राथमिक
शिक्षक
संघ बारियातू


मो नौशद
आयुष चिकित्सक सिबला
बारियातू

जनवितरण प्रणाली
दुकानदार संघ बारियातू

क्रसर संघ
बारियातू

# आज भी भर जाते हैं जोश, आजादी के तरानो से



**हेमंत पाल**

फिल्मी गीतों की अपनी तासीर होती है। जिस मूड का गीत रचा जाता है, सुनने वालों पर भी वो उसी तरह अपना असर छोड़ता है। प्रेम गीत सुनकर जिस तरह अलग अहसास होता है, उसी तरह आजादी के तराने सुनकर जोश आ जाता है। आज भले ही फिल्मों के हर तरह के गीत पसंद किए जाते हैं, पर आजादी की जंग के कथानक वाली फिल्मों के गीतों का जलवा आज भी कायम है। जंग से जुड़ी नई फिल्में ही नहीं, पुरानी फिल्मों के गीत आज भी सुनने वालों को उस दौर की याद दिलाते हैं। हर दौर में ऐसी फिल्मों ने देशप्रेम के जज्बे को बखूबी अभिव्यक्त किया। आजादी के समय में रचे गए देशभक्ति के कई ऐसे फिल्मी गीत हैं, जो कभी पुराने नहीं हुए। आज 75 साल बाद भी इनकी लोकप्रियता बरकरार है। हमारे यहां हर पर्व-त्योहार बतौर उत्सव मनाया जाता है। जिस तरह हर त्योहार की रंगत फिल्मी गीतों के बिना अधूरी रहती है, वही स्थिति आजादी के तरानों की भी है।

इन कालजयी फिल्मी गीतों में कुछ ऐसे गीत भी हैं, जो हर भारतीय को वतन के प्रति अपनी मोहब्बत का इजहार करने के लिए अल्फाज देते हैं। ह्यऐ मेरे वतन के लोगो जरा आंख में भर लो पानी, ह्यअपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं और आओ बच्चो तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की ऐसे ही गीत हैं जो कभी पुराने नहीं लगते। देश को आजादी मिले 75 साल से ज्यादा हो गए। जब देश आजादी की जंग से जूझ रहा था, तब गीतकार जोश भरने के लिए अपनी शब्द रचना में जुड़े थे। पहले दौर के गीतों में देशभक्ति गीत जन गण मन अधिनायक जय हे 1911-12 में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने रचा था। इस गीत में भारत की भौगोलिक स्थिति के जरिये देशप्रेम की भावना व्यक्त की गई। बंकिमचंद्र चटर्जी की ओजस्वी रचना वंदे-मातरम को फिल्म आनंद मठ (1952) में लिया गया था। साल 1950 में वंदे मातरम को राष्ट्रगीत और जन गण मन को राष्ट्रगान के रूप में मान्यता दी गई। वर्ष 1943 में आई फिल्म किस्मत के लिए दूर हटो ऐ दुनिया वालो लिखा गया, जिसका संगीत अनिल बिस्वास ने दिया था।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने वाला गीत ह्यदे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढालह्ण भी स्वतंत्रता की अलख जगाने वाला ही था। इसे 1954 में आई फिल्म जागृति में उपयोग किया गया। इसे हेमंत कुमार ने संगीतबद्ध किया और उन्होंने ही आशा भोंसले के साथ गाया भी था। इसके गीतकार कवि प्रदीप थे। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले बाल कलाकार मास्टर रतन फिल्म की रिलीज के एक साल बाद ही पाकिस्तान में बस गए थे। वहां भी उन्होंने ह्यजागृतिह्ण जैसी ही फिल्म बनाई जो मोहम्मद अली जिन्ना पर आधारित थी। इसी गीत की ही धुन पर दूसरा गीत रचा था। देखा गया है कि देश प्रेम के ज्यादातर जोशीले गीत आजादी के बाद ही रचे गए। उन्माद और जोश से भरा गीत ह्यये देश है वीर जवानों काह्ण भी 1957 में आई बीआर चोपड़ा की फिल्म ह्यनया दौरह्ण का था। इसे ओपी नैयर के संगीत में मोहम्मद रफी ने गाया और परदे पर भी इसे उतनी ही खूबसूरती से पेश भी किया गया। आज यह गीत राष्ट्रीय पर्वों का हिस्सा बन चुका है।


डॉ. अलामा इकबाल की लिखी कविता सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमाराह्ण गीत को भाई-बहन (1959) और धर्मपुत्र (1961) जैसी फिल्मों में भी रखा गया था। देश प्रेम के गीतों वाली फिल्मों में 1961 की फिल्म काबुलीवाला भी है। इस फिल्म के गीत ऐ मेरे प्यारे वतन को मन्ना डे ने बेहद खूबसूरती से गाया था। देशभक्ति के गीतों की बात ऐ मेरे वतन के लोगो के बिना पूरी नहीं होती। इस गैर फिल्मी गीत को कवि प्रदीप ने 1962 में भारत-चीन युद्ध में मारे गए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए रचा था। लता मंगेशकर ने इस गीत को कुछ ऐसे गाया था कि सुनने वालों की आंखें आज भी नम हो जाती हैं। साल 1964 की फिल्म हकीकत का गीत ह्यअब तुम्हारे हवाले वतन साथियो भी देशभक्ति से ओतप्रोत था। कैफी आजमी के लिखे इस गीत को मदन मोहन ने संगीत दिया और मोहम्मद रफी ने गाया था। साल 1965 में आई फिल्म शहीद का जोशीला गीत ह्यऐ वतन ऐ वतन हमको तेरी कसम देश के स्वतंत्रता संघर्ष के अहम किरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत पर आधारित था। यह गीत हर राष्ट्रीय पर्व का हिस्सा बन गया है। वहीं 1967 में आई फिल्म उपकार का गीत ह्यमेरे देश की धरती सोना उगले भले ही आजादी के कई साल बाद जन्मा, पर इस गीत के बोलों में भविष्य के भारत का ताना-बाना मिलता है।

समय के साथ बहुत कुछ बदला, पर देशभक्ति वाले जोशीले गीत अभी भी रचे और पसंद किए जा रहे हैं। वर्ष 1986 की फिल्म कर्मा का गीत दिल दिया है जां भी देंगे व स्लमडॉग मिलियनेयर (2008) का गाना ह्यजय हो आज भी लोकप्रिय गीतों में शामिल हैं। जाने-माने संगीतकार एआर रहमान ने दशकों पुराने गीत वंदे मातरम को अपनी आवाज में फिर से गाकर जोश भर दिया है।

फिल्म राजी (2018) का देशभक्ति गीत ऐ वतन ऐ वतन के बोल दिल को छू लेने वाले हैं। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। वहीं शंकर एहसान लोय ने गाने में म्यूजिक दिया है। इसके बाद 2019 की फिल्म केसरी के गीत तेरी मिट्टी ने सबकी आंखें नम कर दीं। इस गीत के बोल सुनने वाले के दिल में देशभक्ति जगाते हैं।

## नेताजी का संदेश मल्लिक जी के नाम

**दिल्ली में रहने वाले विपिन मल्लिक आजादी के स्वतंत्रता सेनानी हैं। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने उन्हें व्यक्तिगत रुप से संदेश देकर उन्हें सम्मानित किया था। नेताजी ने लिखा था कि देश की सेवा करों और उसके आजादी के लड़ाई में योगदान करो। विपिन मल्लिक आज भी उन दिनों को याद करते हुए रोमांचित हो उठते हैं। विशेष आग्रह पर उन्होंने खबर मन्त्र को वह प्रमाण पत्र दिखलाया जो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने उन्हें हस्ताक्षर कर दिया था। आजाद हिन्द फौज के इस पत्र को श्री मल्लिक अपने जीवन का बहुमूल्य दस्तावेज मानते हैं। (प्रस्तुतिः रमाशंकर सिंह)**



BANDEMATARAM
Serve your country and fight for her freedom
Subhas Chandra Bose
1.12.38

## हमारी आजादी और उनका कारोबार उलटवांसी

**आलोक पुराणिक**

**चालू** बिजनेस स्कूल ने एमबीए के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया, विषय था–आजादी का कारोबार। प्रथम पुरस्कार विजेता निबंध इस प्रकार है :-

नहीं। जरूरत का खरीद से कोई रिश्ता न बचा। बल्कि कई मामलों में यह रिश्ता एकदम उलटा हो गया है, जिसे जरूरत नहीं है, वह सबसे ज्यादा खरीद रहा है। बेटे-बेटी अमेरिका में सैटल्ड हैं, पर मां-बाप यहा इंडिया में उनके लिए फ्लैट, मकान ख?ीदे जा रहे हैं।




आजादी जैसा कि सब नहीं जानते हैं कि बहुत बड़ा कारोबार था और है और रहेगा। आजादी का आंदोलन कई नेताओं के लिए इतना बड़ा कारोबार साबित हुआ कि उनकी आने वाली कई पीढ़ियों की मौज हो गयी, सबको नौकरी मिलती गयी, विधायक की, मंत्री की वगैरह-वगैरह। तो हम कह सकते हैं कि जिन नेताओं ने आजादी का कारोबार सही समय पर सैट कर लिया, उनकी कई पीढ़ियों की मौज रही।

आजादी अब भी कारोबार है, आजादी मिलने के कई सालों बाद। आजादी के दिन कई तरह की सेल चला करती हैं, मोबाइल पर सेल, शर्ट पर सेल, पैंट पर सेल, कार पर सेल, यानी नागरिक को समझ में आता है कि आजादी का सच्चा मतलब यही है कि कुछ न कुछ खरीदा जाये। भले ही जरूरत हो या न हो, खरीदा जाये। दरअसल, अब खरीदी के काम को जरूरत से बिलकुल ही आजाद कर दिया गया है। इस कदर आजाद कर दिया गया है कि बंदा पहले खरीद लेता है कि फिर तय करता है कि जरूरत है या हाल यहां तक है कि बाप की मौत के बाद बेटा बाप का आखिरी संस्कार करने भी न आ पाता, बस मजबूरी में एक बार आना पड़ता है बाप के मकान को बेचकर कैश अंदर करने। इतना भर संबंध बच रहा है, इसे कहते हैं कि धीमे-धीमे रिश्तेदारी किसी भी किस्म की भावना से आजाद हो रही है। कैश आन डिलीवरी की तरह हो रही भावना, जब मिलें तब डिलीवर कर दो-शुभकामना या शोक संवेदना।

तो कुल मिलाकर सब कारोबारी है अब, आजादी समेत।

सेल का ही खेल है। स्वतंत्रता दिवस सेल का पर्व हो गया है, तरह-तरह की सेल।

मेरा टेंशन यह है जो 15 अगस्त के दिन कुछ खरीद न पाया सेल से, तो क्या उसे आजाद माना जायेगा या नहीं। आजादी का उल्लास तब ही प्रामाणिक माना जायेगा, जब जेब में रकम हो सेल में हिस्सा लेने के लिए। सेल का हिस्सा नहीं, तो तेरी खुशी का किस्सा प्रामाणिक न माना जायेगा।

## शहीदों का मंदिर यहां हर दिन लगता है मेला




**यमुनानगर के गुमथला राव में स्थापित इंकलाब मंदिर।**

**सुरेंद्र मेहता**

यमुना नदी के किनारे बसा गुमथला राव गांव बेशक जिले में छोटा है, लेकिन इसकी पहचान बहुत बड़ी है। यहां शहीदों का इकलौता मंदिर (इंकलाब मंदिर) है, जहां 23वर्ष से नियमित अमर शहीदों की पूजा होती है। मार्ग से गुजरने वाला हर कोई यहां रुककर नमन करना नहीं भूलता। मंदिर में भारतमाता, शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव, शहीद उधम सिंह, शहीद लाला लाजपत राय, शहीद करतार सिंह शराबा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद मंगल पांडेय, शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमाएं हैं। इनके अलावा 150 शहीदों के हाथ से बने हुए चित्र हैं।

पेशे से एडवोकेट वरयाम सिंह इस मंदिर के संस्थापक है। 5 दिसंबर 2001 को शहीद भगत सिंह की पहली प्रतिमा स्थापित की गई। वरयाम सिंह बताते हैं कि अमर शहीदों के प्रति उनको लगाव बचपन से ही रहा है। स्कूल में पढ़ते समय से ही भगत सिंह पर कविताएं लिखने का शौक था। उन्होंने शहीद फिल्म को देखा तो मन मे विचार आया कि वीर शहीदों की याद में भी कोई स्थान होना चाहिए। इंकलाब मंदिर में अब तक कई हस्तियां आकर नमन कर चुकी हैं। एडवोके वरयाम सिंह ने दावा किया कि उनके पास 650 शहीदों का रिकॉर्ड है। वह अब इंकलाब आयोग के गठन की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों से भी बच्चे यहां शहीदों को नमन करने व उनके इतिहास के बारे जानने के लिए आते हैं। वरयाम सिंह ने बताया कि उन्होंने 2005 में एंटी करप्शन सोसाइटी का गठन किया। शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम करने का सिलसिला 1999 से चल रहा है। सोसाइटी से जुड़े लोगों के साथ-साथ समाज के लोगों के साथ कभी गांव में तो कभी शहर में जाकर कार्यक्रम किए। शहीद भगत सिंह की फोटो वाले सिक्के जारी कराने की ठानी। उन्होंने दावा किया, हमारी मांग पर 17 सितंबर, 2007 में शहीद भगत सिंह के गांव खटखटा कलां से केंद्रीय मंत्री अंबिका सोनी ने इसकी शुरूआत की। इसके साथ ही 29 जुलाई 2010 को हरियाणा सरकार के गृहमंत्री ने हमारी मांग पर आदेश जारी किए कि प्रदेश की हर पुलिस चौकी, थाना और एसपी आफिस में शहीद भगत सिंह की फोटो लगाई गई।ह्ण एडवोकट वरयाम सिंह बताते हैं कि इंकलाब मंदिर की स्थापना के लिए ग्राम पंचायत गुमथला, हरियाणा एंटी करप्शन सोसाइटी, इंकलाब शहीद स्मारक चैरिटेबल ट्रस्ट, क्षेत्र के अन्य लोगों का काफी योगदान रहा है।

### रो पड़े थे उधम सिंह के वंशज

गत वर्ष शहीद उधम सिंह के वंशज खुशिनन्द मंदिर में आए। कदम रखते ही उनके आंसू छलक पड़े। शहीदों की प्रतिमा देख बोले- ह्यकोई तो हैं जो अमर शहीदों को दिल से याद कर रहा हैह्ण ऐसे ही चंबल की घाटी के समाजसेवी आलम बोले, इंकलाब मंदिर के बारे में सुना था, लेकिन आज दर्शन भी हो गए।

## स्वतंत्रता संग्राम की याद अल्फ्रेड से आजाद पार्क तक

**हरजोत सिंह सिद्धू**

इलाहाबाद को अब प्रयागराज के नाम से जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, इलाहाबाद विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम गतिविधियों का केंद्र रहा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का चौथा और आठवां सत्र क्रमशः 1888 और 1892 में इसी शहर में आयोजित किया गया था। सदी के अंत में, इलाहाबाद भी क्रांतिकारियों के लिए एक केंद्र बिंदु बन गया।

भगत सिंह से भी जुड़ा है यह शहर। वर्ष 1928 में, भगत सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉलैंड हॉस्टल में अजय घोष (एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता) के साथ एक रात बिताई थी। महान क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मल, अशफाकउल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्र लहरी के नाम उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में उनकी स्वतंत्रता संग्राम गतिविधियों से जुड़े हुए रहे। यहां भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा सबसे प्रसिद्ध पार्क है। वर्तमान में इसे चंद्रशेखर आजाद पार्क के नाम से जाना जाता है। यह पार्क प्रिंस अल्फ्रेड की शहर यात्रा की स्मृति में 1870 में इलाहाबाद के मध्य में बनाया गया था। कुल 133 एकड़ में फैले इस पार्क को पहले अल्फ्रेड पार्क कहा जाता था। कंपनी के शासनकाल के दौरान इसे कंपनी बाग के नाम से जाना जाता रहा। गत 3 जुलाई, 2023 को, मैंने शाम को शहीदी स्थल पर अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्क में आजाद के जीवन को दशार्ते मनमोहक प्रकाश, ध्वनि और जल शो भी आयोजित हुए। मुझे भगत सिंह के बारे में इतिहास की किताबें और फिल्में याद आईं, जिनमें अल्फ्रेड पार्क में चंद्र शेखर आजाद के बलिदान का दृश्य दिखाया और दशार्या गया था।

27 फरवरी, 1931 को इलाहाबाद में पुलिस के सीआईडी के प्रमुख, जेआरएच नॉट-बोवर को किसी ने सूचना दी कि चन्द्रशेखर आजाद अल्फ्रेड पार्क में है और अपने सहयोगी सुखदेव राज से बात कर रहे है। यह सूचना मिलने पर बोवर ने इलाहाबाद पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अपने साथ पार्क में आने के लिए आदेश जारी किया। पुलिस ने पार्क को चारों तरफ से घेर लिया। डीएसपी ठाकुर विश्वेश्वर सिंह के साथ कुछ सिपाही राइफलों से लैस होकर पार्क में दाखिल हुए और गोलीबारी शुरू कर दी। अपनी रक्षा करने और अपने साथी सुखदेव राज की मदद करने के क्रम में आजाद बुरी तरह घायल हो गये। आजाद ने स्वतंत्रता संग्राम जारी रखने के लिए अपने सहयोगी को पार्क से बाहर जाने के लिए कहा और सुखदेव को पार्क से सुरक्षित भागने के लिए कवर फायर किया।

आजाद खुद को बचाने के लिए एक पेड़ के पीछे छिप गये और पीछे से गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में और लंबी गोलीबारी के बाद भी आजाद डटे रहे। पर आखिर उन्होंने हमेशा आजाद रहने और कभी भी ज़िंदा न पकड़े जाने का अपना वादा पूरा करते हुए, अपनी बंदूक से आखिरी गोली खुद के सिर में मार कर शहीदी को प्राप्त किया। जब अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तो पुलिस ने आजाद का शव बरामद किया। आजाद का खौफ इतना था कि आजाद को मरा हुआ देखकर भी पुलिस अधिकारी उनके पास आने से कतरा रहे थे।

आजाद की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मैं इलाहाबाद संग्रहालय गया। संग्रहालय में प्रवेश करते ही हमने संग्रहालय टीम को बताया कि हम पंजाब से आए हैं। संग्रहालय का भ्रमण समाप्त करके हम लॉबी में बैठे। संग्रहालय की एक महिला कर्मचारी दौड़कर हमारे पास आई, पूछा- सर, आप सभी पंजाब से हो?

## आज भी पाकिस्तान में मौजूद है 1971 में बनी भारतीय पोस्ट!

**ललित शर्मा**

चारों ओर से गोलियों की आवाजें आ रही थी। मौत मानो सर पर मंडरा रही थी, लेकिन सभी सैनिकों का जोश और जज्ब ऐसा था कि मानो मौत भी इनके सामने घुटने टेक दे। दिल और दिमाग पर एक ही बात हावी थी, पाकिस्तान को हराना है। जीत के इसी जज्बे में पाकिस्तान जाकर पोस्ट बना ली। धूम पोस्ट, जो आज भी जस की तस है। ऐसे ही अनेक किस्से सुनाते हुए सूबेदार मेजर (ऑनरेरी कैप्टन) केहर सिंह वर्ष 1971 की लड़ाई के बारे में बताते हैं। उस पार जाकर पोस्ट बनाने की घटना को याद करते हुए सूबेदार मेजर केहर सिंह कहते हैं कि इस 71 की लड़ाई में उन्होंने विजय पताका फराया। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान के गांवों में कई जगहों पर अपनी पोस्ट भी बनाई, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने के लिए अधिकारियों के निर्देश नहीं मिले अन्यथा वे पाकिस्तान के कुछ हिस्से पर और भी कब्जा कर सकते थे। उन्होंने कई स्थानों पर रुककर काफी इंतजार किया कि उन्हें आदेश मिले और वे आगे बढ़ें और पाकिस्तान के कुछ हिस्से पर और कब्जा कर लें।

कैथल जिले के गुहना गांव के 71 वर्षीय केहर सिंह को आज भी वह मंजर याद है। उस वक्त को याद करते हुए उनके कानों में आज भी गोलियों की आवाज गूंजने लगती है। केहर सिंह जब नौवीं कक्षा में पढ़ते तो तभी फौज में भर्ती हो गए थे। फौज में रहते रहते ही उन्होंने दसवीं की परीक्षा पास की। केहर सिंह बताते हैं कि उन्हें अच्छी तरह से याद है कि वे फोर राजपूताना राइफल में सिपाही के पद पर तैनात रहते हुए उस वक्त उन्होंने अपनी ड्यूटी को बखूबी अंजाम दिया। उनकी पोस्टिंग उड़ी सेक्टर में थी। एक सप्ताह के लिए उनकी ड्यूटी बार्डर पर गश्त की थी। 16 दिसंबर, 1971 को उनके पास रात आठ बजे संदेश आता है कि वे गश्त छोड़कर अपने मोर्चे पर आ जाएं, लड़ाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने कुछ दूरी तय की तो पाकिस्तान की ओर से बमबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया, ह्यहमारी टीम के एक जवान सवाई राम शेखावत जख्मी हो गए। बमबारी के दौरान उका संपर्क भी टूट गया। वे कैप्टन कमांडर टटवादी के नेतृत्व में वायरलेंस, रेडियों टेलिफोन ठीक करने की ड्यूटी पर थे। साथियों से संपर्क जोड़ने के लिए उनकी ड्यूटी भी लाइन को ठीक करने की थी। उन्होंने बताया कि अपने जख्मी साथी को लेकर वे बड़ी मुश्किलों से मोर्चे पर पहुंचे। बमबारी के बीच वे लाइनें जोड़ते रहे ताकि आपस में किसी साथी से संपर्क न टूटे। केहर सिंह बताते थे कि उन्हें अंदाजा हो गया था कि बम कहां गिरेगा। आखिरकार सभी साथियों की मेहनत, जज्बा और बलिदान काम आया और 3 दिसंबर से शुरू हुई यह लड़ाई उनकी विजय के साथ 16 दिसंबर की रात को खत्म हुई।



उन्होंने बताया कि मेजर जगजीत सिंह की टीम में देशसेवा व जीत का जज्बा इस कदर सवार था कि वे लड़ते-लड़ते पाकिस्तान के गांव में घुस गए। वहां जाकर देखा कि पूरे गांव में मात्र सात-आठ महिलाएं ही थी। इनमें अधिकतर बुजुर्ग मलिाएं थीं। सैनिकों ने महिलाओं को पूरा सम्मान दिया। पाकिस्तान के लोग डर के मारे गांव छोड़कर भाग चुके थे। मेजर जगजीत सिंह की टीम ने वहां अपनी पोस्ट बनाई। इसके आगे भी वे पाकिस्तान जाना चाहते थे, लेकिन उन्हें उच्च अधिकारियों के आदेश नहीं मिले।

**प्रशंसा पत्र भी मिला**

उस वक्त नायब सूबेदार केहर सिंह को लेफ्टनेंट जनरल अफसर कमांडिंग इन चीफ द्वारा 1991-192 उग्रवाद के दौरान हुए दंगों के बाद एक प्रशंसा पत्र भी दिया गया। उन्होंने और लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।

**उस पार से उठाकर लाए सैनिकों के शव**

केहर सिंह कहते हैं कि उन्हें बड़े अच्छे से याद है कि मेजर बनर्जी के नेतृत्व में वे गोली बारी के बीच पाकिस्तान में गए और करीब 10-11 सैनिकों के शव उठाकर अपनी सीमा में लेकर आए। यह बात 13-14 दिसंबर की है जब दूसरी गार्ड के सैनिकों के शव लेकर सेक्टर कमांडर जनरल वर्मा के नेतृत्व में वह सीमा पर पहुंचे।


77 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त सरयू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
बुद्धेश्वर उरांव
जिला परिषद सदस्य, सरयू
सालखू हेम्ब्रम
प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू
विजय कुमार पासवान
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सरयू
दिलीप पाल
सहायक अभियंता आई, सरयू
धनदेव सिंह
रोजगार सेवक, पंचायत चोरहा
अमिता देवी
प्रखंड प्रमुख, सरयू
अंकिता देवी
मुखिया पंचायत चोरहा
प्रमिला देवी
मुखिया पंचायत घासीटोला
राजेश सिंह
मुखिया पंचायत गनेशपुर
अनिस कुमार सिंह
प्रचार प्रसार्य प्लस टू उच्च विद्यालय, सरयू
दिनेश सिंह
प्रधानाचार्य राजकीय प्राथमिक विद्यालय,पीरी
अरविंद कुमार पासवान
प्रधानाचार्य राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रोल
शिवराज सिंह
प्रधानाचार्य राजकीय उत्क्रमित विद्यालय
कारीटोला
मधुसूदन प्रसाद
प्रधानाचार्य राजकीय उत्क्रमित विद्यालय
नयकी डबरी
शत्रुघ्न प्रसाद
प्रधानाचार्य राजकीय उत्क्रमित विद्यालय
मुकुन्दपुर
राजेश प्रसाद
प्रधानाचार्य राजकीय उत्क्रमित विद्यालय
कोरवा टोली
शायका शिरी
कम्प्यूटर सेन्टर संचालक
सरयू
शिक्षक परिवार
सरयू
77 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त सरयू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
चंद्रशेखर सिंह: प्रधानाचार्य नेता जी सुभाषचन्द्र बोस, आवासीय विद्यालय, सरयू
सुखिया नगेसिया: शिक्षक राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चोरहा,
पास्कल ब्रिजिया: शिक्षक राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, लाई
रामसेवल मिस्त्री: शिक्षक राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, अलगडीहा
दया उरांव: शिक्षक राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, घासीटोला
रविन्द्र सिंह: शिक्षक राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, पुरानी डाबरी
इन्तखाफ कैसर: शिक्षक राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, पतरातु
महावीर भगत: शिक्षक राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, चिपरू


77 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त मनिका प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामचंद्र सिंह
विधायक मनिका विधानसभा क्षेत्र
दारोगी प्रसाद यादव
विधायक प्रतिनिधि मनिका प्रखंड
विश्वनाथ पासवान
बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मनिका
मिथिलेश पासवान
युथ कांग्रेस मनिका विधानसभा क्षेत्र
प्रतिमा देवी
प्रखंड प्रमुख मनिका
हरेकृष्णा सिंह
भाजपा जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनिका
बबन पासवान
जिलाध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा लातेहार
राणा भानु प्रताप सिंह
थाना प्रभारी मनिका
अजीत कुमार
भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिका
निर्मला देवी
मुखिया सिंजो पंचायत
बासमति देवी
मुखिया पल्हेया पंचायत
देवेन्द्र कुमार कुजूर
मुखिया जुंगुर पंचायत
बच्चन कुमार यादव
युवा जिलाध्यक्ष
प्रांतीय यादव महासभा
बलि प्रसाद यादव
राजद नेता सह भावी प्रत्याशी
चतरा संसदीय क्षेत्र
माया रानी देवी
मुखिया
मटलौंग पंचायत
पिंकी देवी
मुखिया
बरवैया पंचायत
बहादुर उरांव
मुखिया
जान्हो पंचायत
शिला देवी
मुखिया
रांकीकला पंचायत
भजेन्द्र उरांव
मुखिया
डोंकी पंचायत
विनिता देवी
मुखिया
कोपे पंचायत
चांदनी देवी
मुखिया
दुंदु पंचायत
अनिता देवी
मुखिया
बन्दुआ पंचायत
सत्येन्द्र कुमार सिंह
मुखिया
मनिका पंचायत
15 अगस्त 2023

गीता शर्मा/ राजू शर्मा समाजसेवी के तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं खानूडीह पंचायत घोराठी बाघमारा प्रखंड।

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
तारा देवी
पूर्व जिप सदस्य सह सिंदरी विधायक धर्मपत्नी
इंद्रजीत महतो
सिंदरी विधायक

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
बी एन रजवार
जिला शिक्षा अधीक्षक धनबाद

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
दिनेश सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व पार्षद (वार्ड नं 55)

दया, गैस सर्विस गोमो तोपचांची की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पॉलिटेक्निक कॉलेज तोपचांची धनबाद

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
अपर्णा सेनगुप्ता
विधायक निरसा

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
चंचल देवी
मुखिया शिवलीबाडी दक्षिण पंचायत

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
ऋतिक साव
किशोर साव
चिरकुंडा तीन नंबर चारी

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कोयलांचल वासियो को पुलिस परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।
रास बिहारी लाल
पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी पुटकी

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
उपेंद्र कुमार
ओपी प्रभारी ईस्ट बसुरिया

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
मो इजराफिल उर्फ लाला
जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 16

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
अनीता देवी
मुखिया रंगुनी पंचायत ईस्ट बसुरिया कोल डम्प निवासी

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
ब्रह्मदेव यादव
पूर्व मुखिया रंगुनी पंचायत ईस्ट बसुरिया कोल डम्प निवासी

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
संजय निषाद
भाजपा नेता रंगुनी मल्लाह बस्ती निवासी

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
संतोष कुमार गुप्ता
थाना प्रभारी धनबाद

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी
भारत के लाल आज झूम-झूम गाओ रे
सारा ही देश आज, झूमा है मस्ती में,
देखो खुशी छाई है, हर एक बस्ती में
स्वाधीनता कि खुशियां लहराओ रे
भारत माता कि जय
प्राचार्य सविमं सिन्दरी
सचिव सविमं सिन्दरी

डी ए वी सिंदरी परिवार की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डी ए वी पब्लिक स्कूल सिंदरी

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
विनोद कुमार कर्मकार
प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुण्ड प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
उदय वर्मा
अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स कतरास सह वरिया भाजपा नेता

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
श्रीमती प्रेमलता कुमारी
मुखिया झींझी पहाड़ी पंचायत
निवेदक: गणेश सर

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
शाहिदा कमर
प्रभारी सिंदरी विधानसभा

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
श्री नीतीश आश्विन
थाना प्रभारी बाघमारा

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
रामू मंडल
धनबाद महानगर उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
रत्नेश यादव
अध्यक्ष झरिया नगर कांग्रेस

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
प्रशांत कुमार लायक
अंचलाधिकारी धनबाद

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
राजाराम यादव
शाखा सचिव जमसं बोर्रागढ

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
सीता पाण्डेय
मुखिया, बाघमारी पंचायत प्रखंड देवीपुर, जिला देवघर

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
निलेश दास
कनीय अभियंता प्रखंड देवीपुर जिला देवघर

77 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड
(A Joint Venture of NTPC, CIL, IOCL, FCIL & HFCL)



स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई
मनोज कुमार हाडी
अध्यक्ष गोविंदपुर कांग्रेस कमेटी सह भावी मेयर प्रत्याशी धनबाद नगर निगम

77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कोयलांचल वासियो एवं क्षेत्र के लोगों को हार्दिक शुभकामनायें
कुंदन भारद्वाज
गोंन्दुडीह ओ0पी0प्रभारी

# समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद | झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद | दिशोम गुरु जिंदाबा

स्वतंत्रता दिवस की चांडिल समेत तमाम सरायकेला-खरसावां जिलावासियों को हार्दिक बधाई।



**ओम प्रकाश लायेक**

पूर्व जिला परिषद् सह झामुमो नेता, सरायकेला-खरसावां जिला।



**श्रीमती पिंकी लायेक**

जिला परिषद सदस्य, चांडिल-5 सह झामुमो महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, सरायकेला-खरसावां जिला।



JAMSHEDPUR WOMEN'S UNIVERSITY

सन्देश



15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हमारे भारत में सभी देशवासियों के द्वारा गर्व एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बनकर जिस शिखर को छू रहा है उसमें झारखंड राज्य एवं जमशेदपुर का योगदान कोई नहीं भुला सकता। यहां सुशोभित जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी द्वारा प्रथम वर्ष में ही शोध प्रवेश परीक्षा में रिकॉर्ड छात्राओं की सफलता, 2f का दर्जा, **विश्वविद्यालय** संघ की सदस्यता, एनइपी 2020, विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू, जॉब ओरिएंटेड वोकेशनल कोर्सेज, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से सबंधित उपलब्धियां त्वरित विकास यात्रा को दर्शाती हैं। यूनिवर्सिटी को उत्कृष्ट संस्थान में परिणत करने को प्रतिबद्ध प्रथम कुलपति के रूप में मैं **विश्वविद्यालय** परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूं।

प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता
कुलपति



77वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**मनोहर सिंह सरदार**

मुखिया चांडिल पंचायत, सरायकेला खरसावां

77वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**सुखराम हेंम्ब्रम**

झामुमो वरिष्ठ नेता, चांडिल सरायकेला खरसावां

77वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स**

बस स्टैंड, चांडिल, सरायकेला खरसावां

77वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**पप्पू वर्मा**

झामुमो केंद्रीय सदस्य, चांडिल, सरायकेला खरसावां

77वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**रितेश जयसवाल**

प्रदेश सचिव राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

77वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेश कुमार गुप्ता**

प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा



आजादी के रंग
अपनी फाइनेंसियल आज़ादी के संग

JALAN FINANCIAL SOLUTIONS




JALAN FINANCIAL SOLUTIONS
INVESTMENT , INSURANCE , LOANS , TAXATIONS

INVESTMENT INSURANCE LOANS TAXATIONS

Dam Rd, Chandil, Ruchap, Jharkhand 832401 8583932071 9354739681



तमाम नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**रंजीत लोहरा**

अनुमंडल पदाधिकारी, चांडिल अनुमंडल, सरायकेला-खरसावां जिला, झारखंड।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद | झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद | दिशोम गुरु जिंदाबा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र समेत तमाम देशवासियों को हार्दिक बधाई।



**श्रीमती सबिता महतो**

विधायक, ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र, सरायकेला-खरसावां जिला
एवं
सभापति
पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति
झारखंड विधानसभा, रांची



एनटीपीसी NTPC

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना




एनटीपीसी की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, बड़कागांव, हजारीबाग